



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17


5 रोहित-विराट बीसीसीआई कॉन्ट्रेक्ट लिस्ट में ए-प्लस ग्रेड... | सम्पादकीय हादसों से नहीं ली जा रही सीख | सेंसेक्स में साल की दूसरी सबसे बड़ी... 5

वर्ष 19 ● अंक 76 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online | ग्वालियर, बुधवार 02 अप्रैल 2025 | email - hindustanexpressbhopal@gmail.com | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# पीएम ने कहा-लैटिन अमेरिका में चिली भारत का एक महत्वपूर्ण मित्र



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (1 अप्रैल, 2025) को चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट और उनके उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का भारत में उनके पहले राजकीय दौरे पर स्वागत किया. उन्होंने चिली को लैटिन अमेरिका में भारत का महत्वपूर्ण मित्र और साझेदार बताया.

संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों पर प्रकाश डाला और सहयोग को अधिक बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, लैटिन अमेरिका में चिली भारत का एक महत्वपूर्ण मित्र और साझेदार देश है. आज की चर्चाओं में हमने आने वाले दशक में सहयोग बढ़ाने के लिए कई नई पहलों की पहचान की. हम आपसी व्यापार और निवेश में बढ़ोतरी का स्वागत करते हैं. हम इस बात पर सहमत हैं कि इसमें और अधिक सहयोग की क्षमता भी है.

प्रधानमंत्री ने बताया कि दोनों पक्षों ने अपनी टीमों को व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर चर्चा शुरू करने का निर्देश दिया, जिससे व्यापार संबंधों को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे और अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी में चिली के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करने का इच्छुक है. उन्होंने अंटार्कटिका के प्रवेश द्वार के रूप में चिली के रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया और इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित आशय पत्र का स्वागत किया. चिली में राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की सराहना

प्रधानमंत्री ने चिली की स्वास्थ्य सुरक्षा में भारत के योगदान पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने सहयोग को और गहरा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की. राष्ट्रपति बोरिक ने कहा, %चिली की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में भारत एक विश्वसनीय भागीदार रहा है. हम इस सहयोग को और गहरा करने पर सहमत हुए%. सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए पीएम मोदी ने 4 नवंबर को राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में अपनाने के चिली के फैसले की सराहना की और इसे एक %प्रेरक% संकेत बताया.

वैश्विक स्तर पर दोनों नेताओं ने बातचीत के माध्यम से संघर्षों को हल करने की जरूरत पर सहमति जताई और समकालीन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) और अन्य वैश्विक संस्थाओं में सुधारों का समर्थन किया. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, %भारत और चिली इस बात पर सहमत हैं कि सभी तनावों और विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए. हम इस बात पर एक राय रखते हैं कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अन्य संस्थाओं में सुधार जरूरी हैं. हम मिलकर वैश्विक शांति और स्थिरता में योगदान देना जारी रखेंगे।

# आप उद्योग लगाएं, सरकार करेगी मदद, हमने सारी बाधाएं दूर कर दी हैं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विश्वास पर खरी उतरी प्रदेश सरकार जीआईएस में मिले 30 लाख करोड़ के निवेश



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश एक नई उड़ान पर है। सरकार की रीति-नीति से निवेशकों में विश्वास का माहौल बना है। प्रदेश में उद्यमी, उद्योगपति, व्यापारी, व्यवसायी सब उत्साहित हैं। हम उद्यमशीलता को बढ़ाने के लिए एक नई धारा, एक नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में बिजनेस को सहज बनाने के लिए हमने सारी बाधाएं, सारी रूकावटें दूर कर दी हैं। आप बस उद्योग लगाएं, हमारी सरकार उद्योग लगाने से लेकर इसे संचालित करने तक आपकी हर जरूरी मदद करेगी, प्रोत्साहन इन्सेटिव देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की ओर से एक निजी होटल में आयोजित उद्योग निवेश सब्सिडी के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में स्थापित करीब 2500 सूक्ष्म, लघु और मध्यम श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों को 1075 करोड़ और छोटे-बड़े (वृहद श्रेणी के) उद्योगों को करीब 703 करोड़ रूपए, इस प्रकार कुल 1778 करोड़ रुपए की उद्योग निवेश सब्सिडी हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट दबाकर सिंगल क्लिक से डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सब्सिड़ी राशि उद्यमियों (निवेशकों) के बैंक खाते में ट्रांसफर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों का बढ़ता हौसला ही हमारी पूंजी है। जीआईएस से हमें बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला है। मध्यप्रदेश में हर निवेशक का स्वागत है, सम्मान है। हमने छोटे-बड़े सभी उद्योगों को प्रोत्साहन दिया है, नए वित्त वर्ष के सालाना राज्य बजट में भी हमने सबका ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि बीते साल हमने 5 हजार 260 करोड़ की उद्योग निवेश सब्सिडी राशि पूरी पारदर्शिता के साथ डीबीटी के जरिए ही निवेशकों के खातों में हस्तांतरित की। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने नवीन औद्योगिक नीति बनाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का सफल आयोजन हुआ, जिसमें 30 लाख 77 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। सरकार ने संभागीय स्तर पर औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन और लोकार्पण प्रारंभ कर दिया है। राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन और उन्हें प्रोत्साहन राशि ट्रांसफर करना, जीआईएस के बाद निवेशकों को प्रोत्साहित करने की अगली कड़ी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में पहली बार निवेश की संभावनाओं को तलाशा और संभागीय स्तर पर आयोजित की गई 7 रीजनल इन्वेस्टर्स समिट ने नई ऊंचाइयां प्राप्त कीं। प्रदेश में निवेश एवं उद्योगों के विकास में देश-दुनिया के उद्योगपतियों ने उत्साह दिखाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जीआईएस के उद्घाटन-सत्र में उद्योगपतियों और व्यापारियों को निवेश के मंत्र दिए। उन्होंने कहा था कि अपार संभावनाओं वाले मध्यप्रदेश में निवेश का यही समय सही है। जीआईएस के सफल आयोजन पर उद्योग विभाग और निवेशकों का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस में प्राप्त निवेश का आंकड़ा देखा जाए तो राज्य सरकार और निवेशक दोनों ही प्रधानमंत्री श्री मोदी के विश्वास पर खरे उतरे हैं। उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए डीबीटी से राशि भेजी जा रही है। सरकार छोटे-बड़े निवेशक और उद्योगपतियों में भेदभाव नहीं करती है।

# सभी नगरों में सीवरेज प्रोजेक्ट्स जल्द से जल्द पूरा करें : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### मुख्यमंत्री ने म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 10वीं बैठक में कार्य प्रस्ताव का किया अनुमोदन




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी नगरों में चल रहे सीवरेज प्रोजेक्ट्स जल्द से जल्द पूरे किये जायें। सीवरेज के लिए स्थायी प्रकृति के काम हों। शहरों के वेस्ट वाटर का नदियों में निस्तारण (डिस्पोजल) न होने पाए, इससे हमारी नदियां प्रदूषित होने से बचेंगी। उन्होंने कहा कि सॉलिड वेस्ट के साथ लिक्विड वेस्ट (गंदा पानी) के समुचित निस्तारण पर भी विशेष ध्यान देकर प्रभावी कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 10वीं बैठक की अध्यक्षता कर संबोधित कर रहे थे। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष एवं संचालक श्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव एवं म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष एवं संचालक श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय एवं कंपनी के संचालक डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं कंपनी के संचालक श्री नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास एवं कंपनी के संचालक श्री संजय कुमार शुक्ला, प्रमुख सचिव वित्त एवं कंपनी

शेष पृष्ठ 5 पर..

# बजिंदर सिंह को रेप केस में आजीवन कारावास

### कोर्ट में गिड़गिड़ाकर बोला- बच्चे छोटे, पत्नी बीमार कोर्ट ने दलीलें ठुकराईं

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** येशु-येशु वाले बाबा के नाम से पहचाने जाने वाले पादरी बजिंदर सिंह को मोहाली कोर्ट ने मंगलवार को 7 साल पुराने रेप केस में उम्रकैद की सजा सुनाई। सजा से बचने के लिए पादरी बजिंदर कोर्ट में गिड़गिड़ाने लगा- मेरे बच्चे छोटे हैं। पत्नी बीमार है। मैं सोशल आदमी हूं। मेरी टांग में रॉड डली हुई है, मुझ पर रहम किया जाए। मगर कोर्ट ने उसकी दलीलों को खारिज कर दिया। बजिंदर को कोर्ट ने 3 दिन पहले दोषी करार दिया था। इसके बाद उसे पटियाला जेल भेज दिया गया था। बजिंदर पर आरोप है कि वह विदेश में बसाने का लालच देकर महिला को अपने घर ले गया। वहां उसका रेप करके वीडियो बनाया। उसे धमकी भी दी कि अगर विरोध किया तो वीडियो को सोशल मीडिया पर डाल देगा। पीड़ित के वकील ने बताया कि बजिंदर अंतिम सांस तक जेल में रहेगा। पीड़ित ने कहा- ये केस 7 साल से दबा हुआ था, लेकिन वकीलों, पुलिस और कोर्ट ने इसमें जान डाल दी। सजा ऐसे समय पर हुई है, जब बजिंदर सिंह एक और यौन उत्पीड़न और एक अन्य महिला से मारपीट के मामलों में फंसा हुआ है।

# यह हम सब का दायित्व है कि हर परिवार को शिक्षा की रोशनी मिले: विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह

## प्रवेशोत्सवः स्कूल चलें हम-2025 अभियान में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष तोमर









**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 01 से 04 अप्रैल तक प्रवेशोत्सव, स्कूल चलें हमें-2025 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, ऋषि यादव, पूर्व विधायक रघुराज कंसाना, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. योगेश पाल गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कलेश भार्गव, ओआईसी सुमन डगस, डीईओ एसके सक्सेना, डीपीसी हरीश तिवारी, निपुण प्रोफेशनल दुर्गेश सिंह, एपीसी पी.एस. दीक्षित, हिरेंद्र तोमर, सावित्री राज एवं बड़ी संख्या में नव प्रवेशी बच्चे व पालक उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आज प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में मनाया जा रहा है। मुरैना जिले के समस्त विद्यालओं के सभी बच्चों, उनके पालकों और विभाग के सभी सदस्यों को प्रवेशोत्सव की बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि देश की शिक्षा को बेहतर करने के लिए प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निरंतर प्रयासरत है। इसी का परिणाम है कि आज सभी विकासखंडों में सीएम राइज जैसे गुणवत्तापूर्ण विद्यालय खोलें गए हैं, जिससे आज गरीब वर्ग के बच्चों की पहुंच में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव हो पा रही हैं। नरेंद्र सिंह तोमर ने सभी बच्चों बढ़चढ़ के शाला में प्रवेश लेने का आवाहन किया, प्रथम बार प्रवेश ले रहे बच्चों को किताबें, बैग का किट प्रदान किया। उन्होंने जिले के परीक्षा परिणाम अच्छा होने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को अपनी उपलब्धियों पर गर्व करना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी हमें प्रवेश उत्सव की जरूरत क्यों पड़ रही है। समाज में हर व्यक्ति की सोच बदलें। यह हम सबके आत्म चिंतन का विषय है। हर परिवार को शिक्षा की रोशनी मिले, यह हम सब का दायित्व है। सभी लोग बच्चों के एडमिशन स्कूलों में करायें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को रोली का टीका, माला पहनाकर और पुस्तके तथा पानी की बोतल देकर सम्मानित किया।

सांसद शिवमंगल सिंह तोमर कहा कि आज का युग तकनीकी शिक्षा का युग है, हम सभी को जागरूक होना होगा और शिक्षा के प्रति बच्चों के प्रवेश करायें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी सीएम राइज स्कूल खोल रही है। अधिक से अधिक लोगों को शिक्षा मिले, यही प्रयास केंद्र व प्रदेश सरकार कर रही है। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य ने किया।

### नरेंद्र सिंह तोमर ने बालिका छात्रावास, शास. उत्कृष्ट उ.मा. वि. का उद्घाटन किया

प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के लिए राज्य शिक्षा केंद्र की तरफ से जिले की ओआईसी सुमन डांगस और निपुण प्रोफेशनल दुर्गेश सिंह ने मुरैना और जौरा विकास खण्ड के विभिन्न विद्यालयों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का निरीक्षण किया और प्रथम बार शाला में प्रवेश ले रहे बच्चों को माला पहनाकर शाला में स्वागत किया।

# रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 से समाज के अंतिम छोर का अंतिम व्यक्ति भी लाभान्वित हुआ: विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह

## शिविर समापन की पूर्व संध्या पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** स्व.श्रीमती मोहनप्यारी देवी माहेश्वरी जी की स्मृति में व राजकृष्ण तन्खा फाउण्डेशन द्वारा आयोजित रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 वृहद स्वास्थ्य शिविर के समापन की पूर्व संध्या पर सभी चिकित्सकों, पेरामेडीकल, वॉलेंटियर्स, मीडिया आदि के लिए भक्तिमय संगीत की प्रस्तुति तथा रात्रिभोज कार्यक्रम का आयोजन पुलिस परेड ग्राउण्ड पर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मौजूद थे। इनके अलावा सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, रोटरी के पदाधिकारी भूपेन्द्र जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, रघुराज सिंह कंषाना, डॉ. योगेशपाल गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 के तहत समाज के अंतिम छोर पर बैठक अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचा है। शिविर में ऐसे अनेक लोग आये जो कि ख्यातिलब्ध चिकित्सकों से अपना इलाज नहीं करा पा रहे थे उन्हें यहां पर स्वास्थ्य सुविधायें मिलीं। श्री तोमर ने कहा कि कैम्प के आयोजन से दो माह पूर्व हमने समूचे अंचल में विशेष कैम्प लगाये, जिनमें 02 लाख से अधिक लोगों का पंजीयन किया गया। उन सभी को यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिला। इनके अलावा पंजीयन का कार्य प्रतिदिन चला, जिससे हजारों लोग लाभान्वित हुए। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि शिविर में 1600 से अधिक ऑपरेशन हो चुके हैं और जो लोग ऑपरेशन से वंचित रह गये हैं या इलाज से वंचित रह गए हैं उनकों इलाज व ऑपरेशन की सुविधा मुरैना जिला मुख्यालय पर उपलब्ध कराई जाएगी। यदि यहां इलाज संभव नहीं हो पाता तो इन मरीजों को भोपाल, इंदौर, मुंबई, दिल्ली आदि में भेजा जायेगा, जहाँ उनका उपचार कराया जाएगा। उन्होंने अंत में कहा कि शिविर में सहभागिता करने वाले सभी चिकित्सकों, पेरामेडीकल स्टाफ, वॉलेंटियर्स, मीडिया, सभी अधिकारी, कर्मचारी आदि का मैं शुक्रगुजार हूँ कि उन्होंने सभी तरह से अपना सहयोग प्रदान कर शिविर को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों ने मंच पर धार्मिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# पटाखा फैक्ट्री का बॉयलर फटने से एमपी के 18 मजदूरों की मौत, 3 गंभीर घायल

### दो दिन पहले ही मजदूरी करने पहुंचे थे

**नई दिल्ली।** गुजरात के बनासकांठा के नजदीक डीसा में मंगलवार सुबह 8 बजे पटाखा फैक्ट्री में बॉयलर फटने से मध्य प्रदेश के 18 मजदूरों की मौत हो गई। 3 की हालत गंभीर है। वहीं, 5 मजदूर मामूली रूप से घायल हैं।

फैक्ट्री डीसा तहसील के धुनवा रोड पर है। मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। विस्फोट के दौरान मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूरों के अंग 50 मीटर दूर तक बिखर गए। फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में 5 से 6 घंटे लगे। 2 दिन पहले ही मजदूरी के लिए आए थे हादसे के शिकार सभी मृतक और घायल मजदूर मध्य प्रदेश के हरदा जिले के हंडिया गांव के रहने वाले हैं। फैक्ट्री से मिली जानकारी के मुताबिक सभी 2 दिन पहले ही मजदूरी के लिए यहां आए थे और पटाखे बनाने का काम कर रहे थे। फिलहाल, मृतकों की पहचान की जा रही है। डीसा एसडीएम नेहा पांचाल ने बताया कि घटना में घायल सभी लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल 3 लोगों का इलाज चल रहा है। ये 40 प्रतिशत से अधिक झुलस गए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे को लेकर प्रशासन की ओर से जांच जारी है। पटाखे बेचने का लाइसेंस था, बनाने का नहीं दीपक ट्रेडर्स नाम की यह पटाखा फैक्ट्री खूबचंद सिंधी की है। वह इस फैक्ट्री में विस्फोटक लाकर पटाखा बनवाते थे। हालांकि अब तक की जांच में पता चला है कि कंपनी मालिक के पास केवल पटाखे बेचने का लाइसेंस है, बनाने का नहीं, इसलिए स्थानीय पुलिस आगे की जांच में जुटी है। घायल ने कहा- तेज धमाका हुआ और हम बेहोश हो गए दैनिक भास्कर की टीम ने पालनपुर के बनास मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भेजे गए विजय नाम के एक मजदूर से बात की। विजय ने कहा, हम फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे थे, तभी अचानक ब्लास्ट हुआ।

# पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा श्री रामनवमी शोभा यात्रा में होगा पवित्र गंगा जल वितरणः डॉ. राकेश मिश्र

## हिंदू पर्व समन्वय समिति की शोभायात्रा में प्रयागराज कुंभ की दिखेगी झांकीः राजीव व्यास

## महाकुंभ 2025 की जानकारी पर होगा सेवा न्यास का रथः मनीषा सिंह







**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**सतना।** डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने बताया कि हमारे देश में कई परिवार ऐसे हैं कि जो महाकुंभ प्रयागराज संगम पर जाकर गंगा दर्शन व गंगा स्नान नहीं कर पाए हैं। ऐसे परिवारों के लिए सेवा न्यास के द्वारा गंगाजल पूजन के उपरांत गंगा जल वितरण श्री राम नवमी शोभा यात्रा में किया जाएगा।

डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि वर्ष प्रतिपदा पर सेवा न्यास मुख्यालय में वैदिक रीति रिवाज के साथ गंगा पूजन का कार्यक्रम किया गया था। सभी की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हुये 'हर हर गंगा-घर घर गंगा' अभियान चलाया जायेगा।

हिंदू पर्व समन्वय समिति की शोभायात्रा में प्रयागराज कुंभ की दिखेगी झांकीः राजीव व्यास

राजीव व्यास ने बताया कि गत दिवस सेवा न्यास मुख्यालय में श्रेष्ठ जनों के द्वारा गंगा जल का विधिवत पूजा पाठ किया गया। मां गंगा मैया से सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना की गई।

डॉ. राकेश मिश्र ने आगे बताया कि हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा आयोजित श्री रामनवमी शोभा यात्रा में भाग लेने पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के संपूर्ण जिले के कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल हो रहे हैं। श्रद्धालुओं व भक्तों को सेवा न्यास के द्वारा गंगाजल भेंट किया जाएगा।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 07 अप्रैल को हिंदू पर्व समन्वय समिति के सौजन्य से सतना नगर में विशाल शोभायात्रा सकल हिंदू समाज की सहभागिता से निकाली जा रही है।

### महाकुंभ 2025 की जानकारी पर होगा सेवा न्यास का रथः मनीषा सिंह

महाकुंभ की थीम पर आधारित झांकी की तैयारी को लेकर जानकारी देते हुए मनीषा सिंह महिला प्रमुख पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने कहा कि श्री राम नवमी शोभा यात्रा में शामिल होने वाले सभी नगर वासियों से अपील की है कि इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए श्री रामनवमी शोभायात्रा में सेवा न्यास कार्यकर्ता टोली का सहयोग प्रदान करें।

# ग्वालियर की बेटी कु. हिमानी गोला ने बढ़ाया मध्य प्रदेश का मान



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** कु. हिमानी गोला, निवासी-हरिहर नगर, ग्वालियर, को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ, (उत्तर प्रदेश) से मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन इन सस्टेनेबल मैनेजमेंट डिग्री, संस्थान द्वारा आयोजित समारोह में 31 मार्च को प्रदान की गई, तथा आपका प्लेसमेंट मल्टी नेशनल कंपनी अंपलो ग्लोबल इंक, न्यूजर्सी, यू.एस.ए. मैं ई.एस.जी. स्पेशलिस्ट के रूप में होने से कु. हिमानी गोला द्वारा परिवार का, समाज का एवं मध्य प्रदेश का गौरव/मान बढ़ाया है। उनकी इस सफलता पर अनेक लोगों ने बधाई दी है।

# रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 में वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान की सहभागिता

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** ग्वालियर-चम्बल संभाग के सभी जिलों में जरूरतमंद मरीजों को उचित परामर्श एवं ऑपरेशन के लिये आयोजित रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 का आयोजन किया जा रहा है। 26 मार्च से 02 अप्रैल तक आयोजित इस मिशन में वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। संस्थान के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर लगने वाले मेडीकल कैम्पों में शामिल होकर अपनी सेवायें दीं। साथ ही मरीजों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष इंजी. एस.के.गुप्ता, सचिव एम.के.जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश विधान सभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के संस्थापक व रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने मानव सेवा के इस कार्य में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस सम्पूर्ण आयोजन में मध्यप्रदेश शासन, रोटरी अंतर्राष्टीय एवं राज कृष्ण तन्खा फाउण्डेशन का विशेष योगदान रहा।

पदाधिकारी द्वय ने यह भी कहा कि सम्पूर्ण 8 दिनों तक भोजन व्यवस्था मुरैना के उदयोगपति एंव व्यापारियों ने वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के माध्यम से की और इसी का परिणाम है कि हर मरीज को इलाज के साथ-साथ भोजन इत्यादि की व्यवस्था भी की गई। वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के पदाधिकारयों ने इस सेवा कार्य में अपनी सहभागिता देते हुये बताया कि रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 में हमारी संस्था की सक्रिय सहभागिता रही।

# भविष्य की नींव अच्छी शिक्षा पर टिकीः नरेश सिंह



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** नए शिक्षा सत्र के आरंभ पर शालाओं में छात्रों के स्वागत के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। नवीन सत्र प्रारंभ होने पर हाई स्कूल गलेथा में उत्साह के साथ प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मप्र शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष संस्था के प्राचार्य डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने नव प्रवेशित छात्रों को रोली का तिलक लगाकर पुष्पहार पहनाए और आरती उतारकर स्वागत किया और उन्हें पठन पाठन सामग्री भी वितरित की। नए सत्र के पहले दिन स्कूल पहुँचे बच्चे उत्साहित दिखे। शिक्षकों ने जब फूल माला पहनाकर स्वागत किया तो बच्चों के चेहरे खिल उठे बच्चों ने कहा कि हम नियमित स्कूल आएंगे और मन लगाकर पढ़ाई करेंगें। इस अवसर पर डॉ. सिकरवार ने कहा कि भविष्य की नींव अच्छी शिक्षा पर टिकी हुई है। अच्छी शिक्षा से जीवन में तरक्की के नए द्वार खुलते है। इसके लिए जरूरी है कि पालक हर एक बच्चे का स्कूल में एडमिशन कराए और नियमित स्कूल भेजे। नए शिक्षा सत्र में अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल में एडमिशन दिलाने डोर तो डोर अभियान चलाया जाएगा।

**नए शिक्षा सत्र के आरंभ पर पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल गलेथा में मनाया प्रवेशोत्सव**

इस अवसर पर विनोद सिकरवार, जितेंद्र सिकरवार, मनमोहन सिंह, भारत सिंह, कुबेर खरे, शिवराज जालौन, राजेन्द्र शर्मा, गिरीश शर्मा, विनोद शर्मा, रामबरन शर्मा, रवि राजपूत, ज्योति, रश्मि अग्निहोत्री, अजय राजपूत, गणमान्य नागरिक, अनेक बालक बालिकाएं शामिल रहे।

# मरीजों को बांटा भोजन, समाज सेवा की मिसाल पेश की



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** माथुर वैश्य इंटरनेशनल अम्बरीष महिला एवं पुरुष क्लब ने सिविल अस्पताल अम्बाह में मरीजों और उनके परिजनों को खाने-पीने की वस्तुएं वितरित कीं। यह आयोजन नवरात्रि के मौके पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या को भोजन कराने से हुई। यह समाज में सकारात्मक संदेश देने वाली पहल रही। इस आयोजन में एमवीआई के अध्यक्ष हरेंद्र गुप्ता, सचिव सुशील गुप्ता, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता, अध्यक्ष शिखा गुप्ता, एमवीआई की सचिव मंन्जू गुप्ता, पीआरओ अंजली गुप्ता, सदस्य दीपशिखा गुप्ता, रागिनी गुप्ता और श्वेता गुप्ता मौजूद रहीं। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

इस अवसर पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। क्लब की यह पहल समाज के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को दर्शाती है। मरीजों को मानसिक और शारीरिक राहत देने वाला यह आयोजन समाज सेवा की मिसाल बना।

# गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव तथा रोगों से बचाव, रोकथाम एवं नियंत्रण

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मध्यप्रदेश भोपाल की गाईडलाइन अनुसार डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर सिविल सर्जन द्वारा एडवायजरी जारी कर जानकारी दी है कि राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव तथा रोगों से बचाव रोकथाम एवं नियंत्रण समयानुसार उपाय किये जाये तो मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानि से बचाया जा सकता है।अगर घर से बाहर है और निर्जलीकरण के संकेत हो तो छाया वाली व शांत जगह पर चलें जायें एवं आराम करें। इलेक्ट्रॉल/ओआरएस फलों का रस आदि पेय पदार्थों का सेवन करते रहें। कॉर्बोनेटेड और कैफीन युक्त पेय से बचें। यदि स्थिति नियंत्रित नहीं है तो एम्बुलेंस को बुला कर हॉस्पीटल जाएं। यह सुझाव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने जिले वासियों को दिये हैं।

उन्होंने बताया कि घमौरियों गर्मीयों में पसीना अधिक आने के कारण शरीर की त्वचा पर भी असर होता है। पसीना शरीर पर आता है और जमता है। जिसके कारण त्वचा पर खुजली और एलर्जी हो जाती है। कई बार ज्यादा खुजली करने कारण त्वचा लाल हो जाती है। शरीर पर चुभन सी होती है जिसे काँटेदार गर्मी भी कहा जाता है। घमौरियों के लक्षण- छोटे गुलाबी या लाल रंग की त्वचा पर छोटे-छोटे दाने निकलना। जलन, खुजली त्वचा पर चुभन सी महसूस होना ऐसा तब होता है जब शरीर का पसीना आसानी से सूख पाता है। ठंडे पानी और कूलर की सहायता से शरीर का तापमान नियंत्रित करें। ढीले सूती कपड़े पहने, प्रभाव को कम करने के लिये विशेष प्रकार के सनस्क्रीन लोशन का प्रयोग करें। जितना संभव हो सके त्वचा को साफ और शुष्क बना कर रखें, इससे संक्रमण की संभावना कम होती है।गर्मी में घर से बाहर निकलते वक्त छाता का प्रयोग करें।घर से बाहर जाते समय पानी या ठंडा शरबत पीकर बाहर निकले। जैसे आमपना, शिकंजी आदि। घर से बाहर जाते वक्त पानी साथ में लेकर जाये। अगर तेज धूप में है तो एक दम ठंडा पानी नहीं पीना चाहियें।

**निर्जलीकरणः-** गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ऐसा तब होता है जब कोई काफी समय से काम में व्यस्थ है और ज्यादा शरीरिक कार्य करता है और काफी समय पानी नही पिया इससे गर्मी में निर्जलीकरण की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

शरीर को निर्जलीकरण से बचने के लिये नियमित रूप से थोड़े समय बाद पानी पीना आवश्यक है, अगर किसी का गला बार-बार सूख रहा है तो ये संकेत हैं कि उसके शरीर में पर्याप्त पानी नही है। यदि किसी दिन बहुत ज्यादा गर्मी है, उस दिन ज्यादा व्यायाम करने से बचें, इससे शरीर का पानी जल्दी सूख जाता। सुबह जल्दी ठंडे और देर श्याम जब ठंडक हो जाये तब व्यायाम करना चाहिये।

**लक्षणः-** ज्यादा पसीना आना, कमजोर या ज्यादा थका हुआ महसूस वारना, शरीर का तापमान बढ़ना त्वचा का रंग पीला पढ़ना, मितली उल्टी जैसा महसूस होना, बेहोश होना मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्धनाय तथा रोगों से बचाव उपचार हेतु शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं व क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं से संपर्क कर बचाव करें। जिससे मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानि से बचाव किया जा सके।

# वंदेमातरम के साथ कार्यालयो में हुई कामकाज की शुरूआत

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में माह अप्रैल 2025 के प्रथम कार्य दिवस पर कार्यालय प्रारंभ होने के तत्काल पूर्व संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन कलेक्ट्रेट परिसर श्योपुर में किया।

इस अवसर पर एसडीएम श्री मनोज गढवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन एएवं श्री वायएस तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदे मातरम का गायन किया। इसके उपरांत शासकीय कार्यालयों में काम-काज की शुरूआत हुई।

# ढोढर में जनसमस्या निवारण शिविर आज 02 अप्रैल को

### कलेक्टर शिविर में करेंगे समस्याओं का निराकरण

श्योपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज 2 अप्रैल को ग्राम ढोढर में आमजन की समस्याएं सुनते हुए उनका निराकरण किया जायेगा। जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम ढोढर में 2 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को उक्त शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर लोगों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये जायेंगे तथा विभागीय अधिकारियों के माध्यम से उनका निराकरण किया जायेगा।

# दो हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृति पत्र सौपे

### नहर में डूबने के मामले में कलेक्टर ने तत्काल स्वीकृत कराई सहायता

### बुजुर्ग महिला को लगाया श्रवण यंत्र, नारायणी को मिलेगा संबल का लाभ

### दो बच्चों को मिलेगा स्पोन्सरशिप योजना में लाभ

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दूर दराज के लोगों की समस्याओं के निराकरण एवं शासकीय योजनाओं में लाभ दिये जाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जा रही जनसुनवाई के तहत आज वीरपुर तहसील मुख्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन करते हुए समस्याओं का निराकरण किया गया तथा मौके पर त्वरित निदान के साथ ही विभिन्न योजनाओं में लाभ देने की कार्यवाही की गई। जनसुनवाई के दौरान लगभग 137 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा वीरपुर के कम्युनिटी हॉल में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राही श्रीमती सुनीता जादौन निवासी पांचों कॉलोनी तथा श्रीमती मिथलेश जाटव निवासी पांचों को तत्काल आवास स्वीकृत करने की कार्यवाही कराते हुए प्रथम किस्त के लिए भुगतान आदेश जारी कराये गये। हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृति पत्र भी सौपे गये। जनसुनवाई के दौरान श्रीमती लीला आदिवासी निवासी रघुनाथपुर, श्रीमती शारदा आदिवासी एवं श्रीमती लक्ष्मी आदिवासी निवासी तेलीपुरा, जाखेर को आहार अनुदान योजना अंतर्गत लाभ दिये जाने, श्री जगदीश रावत निवासी तेलीपुरा एवं श्री रामस्वरूप गुर्जर निवासी बंधपुरा जाखेर को वृद्धावस्था पेंशन योजना से जोडे जाने के निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री अभिषेक मिश्रा, एसडीओपी श्री राघवेन्द्र सिंह तोमर, तहसीलदार श्रीमती अमिता तोमर, विजयपुर श्रीमती प्रेमलता पाल, सीईओ जनपद श्री आफिसर सिंह गुर्जर, ग्राम पंचायत वीरपुर के सरपंच श्री जगदीश बंसल सहित अन्य विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

**नहर में डूबने के मामले में कलेक्टर ने तत्काल स्वीकृत कराई सहायता**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा गत दिनों ग्राम घूघस के पास नहर में डूबने से बालिका स्व. दिव्या जाटव की मृत्यु के मामले में तत्काल ही आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राशि स्वीकृत कराई गई। बालिका के पिता श्री राकेश जाटव के आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए एसडीएम एवं तहसीलदार के माध्यम से मौके पर ही प्रकरण स्वीकृत कराया गया तथा निर्देश दिये कि आज शाम तक श्री राकेश जाटव द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक खाते में 4 लाख रूपये की राशि ट्रांसफर करा दी जायें। इस संबंध में एसडीएम श्री अभिषेक मिश्रा ने बताया कि प्रकरण स्वीकृत कर दिया गया है तथा आज शाम तक राशि ट्रांसफर करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी।

**बुजुर्ग महिला को लगाया श्रवण यंत्र, महिला बोली अब सब सुनाई दे रहा है**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्राम बंधपुरा जाखेर निवासी बुजुर्ग महिला श्रीमती बाबूली बाई पत्नि श्री रामस्वरूप गुर्जर को कम सुनाई देने की समस्या पर तत्काल ही सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से श्रवण यंत्र लगाया गया। त्वरित कार्यवाही पर महिला द्वारा शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि जनसुनवाई में ही मेरी ऊचा सुनने की समस्या का हल हो गया है। उसने मशीन लगने के बाद ठीक तरह से सुनाई देने पर अपनी खुशी जाहिर की और कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा को बताया कि अब सब सुनाई दे रहा है।

# राजस्व वसूली में अव्वल पिंटू शर्मा को मिला सम्मान



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** अम्बाह संभागीय कार्यालय में मंगलवार को सम्मान समारोह हुआ। मार्च माह में राजस्व वसूली और बेहतर कार्यशैली वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। अंबाह ग्रामीण के वरिष्ठ लाइनमैन पिंटू राम शर्मा को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान मिला। समारोह में सहकर्मियों ने पिंटू शर्मा को साफा पहनाया। पुष्पमाला से स्वागत किया। प्रबंधक ओमप्रकाश सलामे, सहायक प्रबंधक अनिल कुमार उइके, जगमोहन शर्मा, खुमान सिंह, मनीष मुदगल, आशीष मुदगल, पंकज शुक्ला, शैलू शर्मा, अरविंद शर्मा, अंकित तोमर, अरविंद तोमर केपीओ, नीतेश शर्मा, हरिमोहन शर्मा, जसवंत सिंह सहित सभी ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। इस दौरान पिंटू शर्मा की मेहनत और समर्पण को सभी ने सराहा। इस दौरान ए ई ओम प्रकाश सलामे ने कहा कि यह सम्मान उनके कार्य के प्रति लगन और ईमानदारी का प्रतीक बना है यह आयोजन अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा बना। कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल बना।

# सीएम राइज स्कूल अम्बाह में धूमधाम से मना प्रवेशोत्सव

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** सीएम राइज विद्यालय अम्बाह में मंगलवार को प्रवेश उत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अम्बाह विधायक देवेंद्र सखवार, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास गुर्जर, खंड स्त्रोत समन्वयक राम अवतार सिंह सिकरवार, समाजसेवी एडवोकेट नरेंद्र भदोरिया और पालक शामिल हुए। प्राचार्य रामवीर शर्मा और प्रधानाध्यापक जयकुमार छारी ने अतिथियों के साथ छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। सभी विद्यार्थियों को कुमकुम तिलक लगाकर और फूलमाला पहनाकर नव सत्र में प्रवेश दिलाया गया। रेतपुरा स्थित विद्यालय परिसर में समाजसेवी नरेंद्र भदोरिया ने सभी छात्राओं को चॉकलेट वितरित की। विधायक देवेंद्र सखवार ने घोषणा की कि कक्षा 5, 8, 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। अतिथियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना की। प्राचार्य रामवीर शर्मा, प्रधानाध्यापक जयकुमार छारी, प्राथमिक विभाग प्रभारी राम प्रकाश करोरिया और समस्त स्टाफ की प्रशंसा की गई।



# पुलिस कर्मियों के बच्चों को अध्ययन के लिये मिलेगी हॉस्टल सुविधा : आईजी सक्सैना

## - ग्वालियर में 148 बिस्तरों का हास्टल बनकर तैयार

**ग्वालियर।** ग्वालियर में रहकर अध्ययन करने वाले पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिये ग्वालियर में हास्टल की सुविधा शुरू की गई है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर केन्द्रीय कल्याण निधि से भोपाल, इंदौर एवं ग्वालियर में हास्टल बनाये गये हैं और ग्वालियर में 148 बिस्तरों का हास्टल तैयार किया गया है। पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिये तैयार किये गये हास्टल के संचालक को लेकर आईजी ग्वालियर रेंज अरविंद सक्सैना ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर हास्टल के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए बनाए गए छात्रावास के संचालन को लेकर पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन अरविंद सक्सैना ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि ग्वालियर में तैयार किये गये हॉस्टल का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए जिससे इसका पुलिसकर्मियों के बच्चे लाभ उठा सकें। उन्होंने अपने अधीनस्थों को बताया कि इन छात्रावासों के संचालन, नियम, शुल्क और अन्य संबंधित मामलों पर चर्चा के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इन छात्रावासों में पुलिसकर्मियों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए रहने की सुविधा मिलेगी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए, बच्चों के लिए खाने की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि उन्हें पारिवारिक माहौल मिल सके।



ग्वालियर जिले में प्रारम्भ किये गये हॉस्टल में आरक्षक से निरीक्षक स्तर के पुलिस कर्मियों के बालकों जिनकी आयु 18 वर्ष से 26 वर्ष तक है वह हॉस्टल सुविधा का लाभ ले सकते हैं। जिन पुलिस कर्मियों के बालक अन्य जिलों से ग्वालियर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा या अन्य पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हैं उन्हे हास्टल में प्रवेश दिया जाएगा। श्री सक्सैना ने बताया कि ग्वालियर में 148 बैडेड हॉस्टल तैयार किया गया है जिसमें कैंटीन सुविधा भी रहेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, सेनानी 2वीं वाहिनी आर.के. सगर, सेनानी 14वीं वाहिनी डॉ. शिवदयाल सिंह, असिस्टेंट कमाण्डेंट दिलीप छारी, असिस्टेंट कमाण्डेंट राकेश गुप्ता, रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह सिकरवार, कंपनी कमाण्डर राकेश शर्मा उपस्थित थे।

# दोस्त ने की दगा, दोस्त की पत्नी को बेचा, आरोपी ने बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

**ग्वालियर।** पति से विवाद के बाद घर छोड़कर जा रही महिला को उसके पति का दोस्त झांसा देकर अपने साथ ले गया और एक युवक को बेच दिया। युवक ने महिला को बंदी बनाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। मौका पाकर शोषण का शिकार महिला ने पति को सूचना दी। सूचना मिलते ही पति मौके पर पहुंचा और महिला को मुक्त कराया। महिला दो माह की गर्भवती है और अपने साथ घटी वारदात की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

ग्राम स्याऊ निवासी 21 वर्षीय महिला ने पुलिस में शिकायत की है कि वर्ष 2020 में उसकी शादी हुई थी। कुछ माह पूर्व उसका पति से विवाद हो गया था और गुस्से में वह घर से पैदल-पैदल ही निकल आई थी। अभी वह कुछ ही दूरी पर पहुंची थी कि तभी पति का दोस्त सोनू परमार मिला और उससे पैदल जाने का कारण पूछा तो उसने विवाद की जानकारी दी और ग्वालियर जाने की बात बताई। इस पर सोनू ने बताया कि उसका दोस्त पवन श्रीवास्तव ग्वालियर जा रहा है, वह उसे ग्वालियर छोड़ देगा। उसकी बातों में आकर वह उसकी गाड़ी पर बैठ गई और वह उसे लेकर दर्शन कॉलोनी पहुंचा और उसे एक कमरे में बंद कर दिया। वह रोती चिल्लाती रही, लेकिन उन्होंने उसे मुक्त नहीं किया। इसके बाद देर रात पवन शराब पीकर आया और जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ गलत काम किया। दिनभर आरोपी उसे कमरे में ताला लगाकर बंद रखता था और उसका शोषण करता था। आरोपी ने उसे बताया था कि सोनू ने उसे बेचा है और अगर उसने शिकायत की तो वह उसके परिवार को खत्म कर देगा। किसी तरह उसे मौका मिला और उसने अपनी जानकारी पति को दी। मामले का पता चलते ही पति मौके पर पहुंचा और पत्नी को मुक्त कराया। मामले की सूचना पीडिता ने पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### रिश्तेदार ने युवती से किया दुष्कर्म

युवती को अकेला देखकर रिश्तेदार ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। घटना बिजौली थाना क्षेत्र के इकहारा गांव की है। घटना के बाद आरोपी युवती को धमकी देकर चला गया। अब जब युवती के परिजन उसकी सगाई करने की तैयारी में है तो आरोपी धमकी देता है कि अगर उसने शादी की तो वह उसे बदनाम कर देगा। धमकी से परेशान पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी प्रमोद कुशवाह निवासी लहार भिण्ड हाल निवासी इंदौर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# कलेक्ट्रेट में 107 लोगों की समस्याओं की हुई सुनवाई

**ग्वालियर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 107 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, अपर कलेक्टर कुमार सत्यम, एडीएम टीएन सिंह तथा संयुक्त कलेक्टर सुरेश कुमार बरहादिया व संजीव जैन ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की।



जनसुनवाई में प्राप्त हुए 107 आवेदनों में से 49 दर्ज किए गए। शेष 58 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गए।जनसुनवाई में मदद की आस में पहुँचे जरूरतमंदों के निरूशुल्क इलाज का इंतजाम भी कराया।

### निगम की सुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्यायें

मंगलवार को नगर निगम की जनसुनवाई में अपर आयुक्त विजय राज, मुनीश सिंह सिकरवार, अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश दिए।



जनसुनवाई में वार्ड 65 पंचमुखी नगर सिकंदर कम्पू के समस्त निवासी गणों ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि कॉलोनी में पार्क की सार्वजनिक भूमि पर दबंगों राकेश यादव, अजित सिंह यादव, लाला किरार, हरिओम रावत, सोनू रावत, दीपक यादव मनोज कुशवाह द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 20 सिद्धेश्वर नगर आसमानी माता के पास के समस्त निवासी गणों ने आवेदन देते हुए बताया कि नालियां बंद कर दीवार खडी कर दी गई है। जिससे पानी का निकास बंद हो चुका है तथा पानी घरों व दरवाजों में भरा रहता है। आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, महलगांव पहाड़ी पर बने प्रधानमंत्री आवास योजना के रहवासियों ने समस्याओं के निराकरण के लिए सोसायटी बनाये जाने के संबंध में आवेदन दिया। अपर आयुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# ट्रांसपोर्टर को लाखों रुपए की चपत लगाकर फरार हुये दो आरोपी पकड़े

**ग्वालियर।** किराए पर लोडिंग लेकर दो फर्म संचालकों ने ट्रांसपोर्टर को 10 लाख 85 हजार रुपए की चपत लगा दी। आरोपियों ने ना तो किराए पर लगे वाहन लौटाए और ना तीन साल का किराया दिया। महाराजपुरा थाना पुलिस ने इस मामले में फरार दो आरोपियों को पकड़ा है। जबकि एक आरोपी को पुलिस पहले ही पकड़ चुकी है और दो अभी फरार है। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में जुट गई है।

महाराजपुरा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि कोटा वाला मोहल्ला लोहामण्डी निवासी राजू शर्मा पुत्र रमेश चंद्र शर्मा ने शिकायत की थी कि उसने अपनी दो लोडिंग एमपी07जीए 7773 एवं एमपी 07 जीए 7563 उन्होंने सीमस इंफ्रास्ट्रक्चर में 35 हजार रुपए प्रति माह पर किराए पर लगाई थी। किराए व गाड़ी लगाने की बात फर्म के मैनेजर बृजेश तिवारी उर्फलारा, मालिक प्रशांत मिश्रा एवं विनायक माइनिंग कंपनी के मालिक मनोज मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्रा और भैरू सोमानी से हुई थी। जिस पर उन्होंने दोनों लोडिंग उन्हें दे दिए थे। कंपनी में वाहन लगाने का उन्हें मार्च 2020 तक का किराया तो समय पर मिला। इसके बाद कंपनी किसी ना किसी बहाने से उनका किराया रोकती गई, इस तरह तीन साल में उनका करीब 10 लाख 85 हजार रुपए हो गए। जब काफी पैसा कंपनी पर हो गया तो उसने किराए के लिए दबाव बनाया तो वह उसे टरकाते रहे और जब अपने वाहन मांगे तो आरोपियों ने उसके वाहन भी गायब कर दिए। इसका पता चलते ही पीडित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जब आरोपियों की तलाश की तो आरोपी अपने घरों से फरार हो गए थे। बीते रोज पुलिस को सूचना मिली कि वारदात में शामिल धर्मेन्द्र मिश्रा और भैंरो लाल सोमानी ग्वालियर आए हैं और इसका पता चलते ही प्रधान आरक्षक अरविन्द्र शर्मा और आरक्षक गिर्राज शर्मा को उन्हें पकडने की जिम्मेदारी दी। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया है। इससे पहले पुलिस ने वारदात में शामिल मनोज मिश्रा को पकड़ लिया था। अभी इस मामले में लारा उर्फ बृजेश और प्रशांत मिश्रा फरार हैं। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से इनके बारे में जानकारी जुटा रही है, जिससे इन्हें भी पकड़ा जा सकें।

### ट्रैक्टर - आटो की भिडंत में एक की मौत, चार घायल

**ग्वालियर।** तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए एक ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो में सवार सभी यात्री घायल हो गए। घटना उटीला थाना क्षेत्र के सौसा-बंधा गांव की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया है। जहां पर एक युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

हस्तिनापुर निवासी महेन्द्र कुशवाह पुत्र गोली राम कुशवाह बीते रोज मुरार से खरीदारी करने के बाद ऑटो क्रमांक एमपी 07 आरए 7680 से वापस गांव जाने के लिए सवार हुआ था। उसके साथ ऑटो में और भी सवारी थी। अभी ऑटो सौसा-बंधा गांव के पास पहुंचा ही था कि तभी तेज रफ्तार आ रहे महिन्द्रा ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उसकी ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो हवा में उछला और उसके साथ अन्य सवारी भी घायल हो गइं। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए पहुंचाया। जहां पर महेन्द्र ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हादसे में राकेश कुमार लहारिया निवासी हस्तिनापुर, मथुरा नाथ निवासी जारगा, रामसेवक बघेल निवासी सुमावली, रामवती चौहान निवासी काशीपुर घायल हो गए। पुलिस अब आरोपी ट्रैक्टर की तलाश के लिए हाइवे पर लगे सीसीटीवी खंगाल रही है, जिससे आरोपी वाहन की पहचान कर उसके चालक को गिरफ्तार किया जा सकें।

# तेज आवाज में डीजे बजाने वाले वाहन चालक के खिलाफ हुई कार्यवाही

**ग्वालियर।** डबरा थाना पुलिस ने तेज आवाज में लाउड़ स्पीकर एवं डीजे बजाने वाले वाले वाहन के खिलाफ म.प्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।



एसडीओपी डबरा जितेन्द्र नगाइच एवं थाना प्रभारी डबरा यशवंत गोयल ने बताया कि तेज ध्वनि में लाउड़ स्पीकर एवं डीजे बजाने वालों के खिलाफ डबरा पुलिस कार्यवाही कर रही है। पुलिस को सूचना मिली कि बस स्टैण्ड टेकनपुर पर बिना नम्बर की टाटा 407 चार पहिया वाहन पर डीजे लगाकर काफी तेज आवाज में डीजे से गाने बजा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने बस स्टैण्ड टेकनपुर पर जाकर देखा तो वाहन चालक अपनी बिना नम्बर की टाटा 407 चार पहिया वाहन पर डीजे के 10 बड़े स्पीकर रखकर बजा रहा था, जिससे ध्वनि प्रदूषण किया जा रहा था, जिससे आम लोगों को डीजे की तेज ध्वनि से काफी समस्या उत्पन्न हो रही थी। जिसके बाद पुलिस टीम ने वाहन चालक को पकड़कर डीजे बंद करवाया। पुलिस को पूछताछ में वाहन चालक ने स्वयं को ग्राम भटपुरा थाना पिछोर का रहने वाला बताया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 223 बीएनएस, 7/15 म.प्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर डीजे व अन्य सामग्री एवं टाटा 407 चार पहिया वाहन विधिवत जप्त किया है।

### खाद्यान्न वितरण में ग्वालियर प्रदेश के अग्रणी जिलों में

**ग्वालियर।** उचित मूल्य की दुकानों से पात्रता पर्चीधारी उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरित करने मे ग्वालियर जिला प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है। लगातार पाँचवे महीने में ग्वालियर जिला खाद्यान्न वितरण में प्रदेश में तीसरे स्थान पर आया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को और प्रयास कर जिले को पहले स्थान पर लाने के निर्देश दिए। मार्च माह में जिले का खाद्यान्न वितरण 97.45 प्रतिशत रहा है। जिले में 2 लाख 83 हजार 286 पात्र परिवार है। इनमें से 2 लाख 76 हजार 80 परिवारों को मार्च माह में उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया है।

# स्कूलों में मनाए गए प्रवेशोत्सव, कलेक्टर ने बालिकाओं का पुष्पाहारों से किया स्वागत

**ग्वालियर।** स्कूल चलें अभियान के तहत अप्रैल माह के पहले दिन ग्वालियर जिले के सरकारी स्कूलों में भी प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुए। मुरार स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रवेशोत्सव में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय की नव प्रवेशी बालिकाओं का पुष्पाहारों से स्वागत कर उन्हें पाठ्य पुस्तकों के सैट सौंपे।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लगन, मेहनत व समय का सदुपयोग कर आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही आप सब में से कोई आगे चलकर ग्वालियर का कलेक्टर व एसपी बन सकता है। उन्होंने सफलता के मंत्र बताते हुए कहा कि समय का सदुपयोग सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए प्रतिदिन सायंकाल आत्म मंथन करें कि आज हमने अपने समय का कहां-कहां उपयोग किया और पढ़ाई में समय का इससे बेहतर उपयोग कैसे कर सकते हैं। श्रीमती चौहान ने कहा कि प्रशासन, चिकित्सा, कानून, पत्रकारिता, उद्यमिता, कला, वैज्ञानिक इत्यादि क्षेत्रों में से अपना लक्ष्य चुनें और उसे हासिल करने के लिये प्राणपण से जुट जाएँ। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने आह्वान किया कि सभी छात्रायें यह संकल्प लें कि पिछली साल हमने पढ़ाई के लिये जो मेहनत की थी, उससे दोगुनी मेहनत मौजूदा साल में करेंगे। साथ ही गुरुजनों से अपनी शंकाओं व प्रश्नों का समाधान प्राप्त करने में झिझकें नहीं, उनसे खुलकर सवाल पूछें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ कुछ समय अपने शरीर की मजबूती के लिये व्यायाम व खेलों के लिये भी निकालें। इससे शरीर दिनभर ऊर्जावान रहेगा और आप सब पढ़ाई भी ठीक ढंग से कर सकेंगे। श्रीमती चौहान ने यह भी कहा कि अपने गुरुजनों व माता-पिता के प्रति सदैव सम्मान का भाव रखें। यदि टीचर किसी बात को लेकर डाँटें तो बुरा न मानें, इसे सकारात्मक रूप में लेकर अपनी कमियाँ सुधारने का प्रयत्न करें। आरंभ में अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार, सहायक संचालक स्कूल शिक्षा श्रीमती पुष्पा ढोंड़ी, राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से आए आशीष भारती मौजूद थे।



### शासकीय गोरखी उमावि में प्रवेशोत्सव का शुभारंभ



शासकीय गोरखी उमावि लश्कर में चार दिवसीय प्रवेशोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में वार्ड 50 के पार्षद अनिल सांखला, प्रभारी प्राचार्य मनोज उपाध्याय व उपप्राचार्य श्रीमती संजू तोमर ने मां सरस्वती का पूजन किया। कार्यक्रम में शिक्षिका श्रीमती अंबिका अग्निहोत्री ने सुमधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद नव प्रवेशित छात्रों का रोली, चंदन व पुष्पों से अभिनंदन कर पाठ्य पुस्तकें प्रदान की गई। अंत में प्राचार्य मनोज उपाध्याय ने अपने उदबोधन में सभी छात्रों को खूब पढ़ने, आगे बढ़ने और प्रतिदिन विद्यालय आने की बात कहीं। कार्यकम का संचालन श्रीमती पुष्पा शर्मा ने किया।

### सीएम राइस विद्यालय में प्रवेश उत्सव मना



सीएम राइस शासकीय पदमराजे कन्या विद्यालय में मंगलवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर केशव पांडे और सहायक जिला परियोजना अधिकारी सर्वेश कुमार दीक्षित उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी बच्चों का तिलक लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया और उनको पाठय पुस्तकें व अन्य सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य रविंद्र कुमार शर्मा, उपप्राचार्य मनोज पाराशर एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# छात्रा लापता, अपहरण का मामला दर्ज

**ग्वालियर।** दुकान पर सामान लेने के लिए निकली सत्रह वर्षीय नाबालिग लापता हो गई। घटना पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के मरघट पुलिया के पास की है। घटना का पता उस समय चला जब नाबालिग वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चलने पर परिजन थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की।

पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है। पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के मरघट के पास रहने वाली सत्रह वर्षीय नाबालिग बीते रोज दुकान से सामान लाने की कहकर निकली थी और उसके बाद वह वापस नहीं आई। नाबालिग के वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला तो परिजन थाने पहुंचे और शिकायत की। पुलिस ने जांच के बाद अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। नाबालिग की तलाश के लिए पुलिस अब इलाके में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है, जिससे उसका पता लगाया जा सकें।

### कॉलेज की परीक्षाओं में उड़नदस्ते का छापा, पकड़े कई नकलची



**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज के छात्र-छात्राओं की वर्तमान में परीक्षा चल रही है। इस परीक्षा में नकल न हो इसके लिए उड़नदस्ते तैनात किए गए हैं। डॉ. विमलेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि उड़नदस्ता दल मंगलवार को सुबह मुरैना के परीक्षा केन्द्रों पर औचक निरीक्षण करने पहुंचा। दस्ते ने नकल के लिए बदनाम सेंटरों पर छापा मारा। इस दौरान अलग-अलग सेंटरों पर करीब एक दर्जन नकलची परीक्षार्थियों को पर्चियों के साथ रंगे हाथ पकड़ा। इसमें आरबीएस महाविद्यालय पोरसा में पांच व श्रीराम महाविद्यालय पोरसा में चार नकलची पकड़े। दोपहर की पाली में कुलगुरू व कुलसचिव मुरैना औचक निरीक्षण करने पहुंचे।

# पेट्रोल पंपों पर 7 शक्ति दीदियाँ संभालेंगीं आज फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी

**ग्वालियर।** जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण की दिशा में शक्ति दीदी के नाम से हुई प्रेरणादायी पहल से जरूरतमंद महिलाओं को लगातार सहारा मिल रहा है। जरूरतमंद महिलाओं को पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में जिला प्रशासन द्वारा नौकरी दिलाई जा रही है। आज बुधवार 2 अप्रैल को ÷शक्ति दीदी÷ पहल के तहत 7 और जरूरतमंद महिलाओं को फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी मिलने जा रही है। ज्ञात हो शक्ति दीदी के तहत पहले से ही शहर में 28 महिलाएं यह भूमिका सफलतापूर्वक निभा रही हैं। बुधवार को 7 और महिलाओं के जुड़ जाने से जिले में शक्ति दीदियों की संख्या 35 हो जायेगी।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुँचकर महिलाओं को ÷शक्ति दीदी÷ के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दिलायेंगे। साथ ही उनका उत्साहवर्धन करेंगे। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक 2 अप्रैल को प्रातः 11.30 बजे सचिन तेंदुलकर मार्ग पर डीबी सिटी के सामने स्थित साँई हरीलीला पेट्रोल पंप पर सुश्री भावना बघेल व सुश्री मोहिनी मंडेलिया एवं दोपहर 12 बजे नवीन जिला पंचायत के पास स्थित वैश्य एण्ड मुखर्जी पेट्रोल पंप पर सुश्री रजनी नामदेव को फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपेंगे। इसी तरह जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार व एसडीएम डबरा दिव्यांशु चौधरी डबरा स्थित विजय डीलक्स पंप पर सुश्री गांधारी बाथम व सुश्री खुशी सुबानी एवं एसडीएम दिव्यांशु चौधरी डबरा में ही पारशनाथ फिलिंग पेट्रोल पंप पर सुश्री सीमा शाक्य को शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपेंगे। संयुक्त कलेक्टर संजीव जैन दोपहर 1.30 बजे भिण्ड रोड स्थित शारदा फ्यूल पेट्रोल पंप पर सुश्री आरती राठौर को फ्यूल डिलेवरी वर्कर का दायित्व सौंपेंगे।

# चौपाल लगाकर महिलाओं व आमजन को साइबर अपराधों से किया जागरूक

**ग्वालियर।** जिले के विभिन्न स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर महिला जागरूकता व सायबर संबंधी अपराधों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विश्वविद्यालय थाना अंतर्गत महलगांव में मौहल्ला चौपाल का आयोजन किया गया।

मौहल्ला चौपाल में विश्वविद्यालय थाना की ऊर्जा डेस्क प्रभारी उप निरीक्षक शिखा दंडोतिया, महिला बल, थाना स्टाफसहित मौहल्ले की बच्चियां व महिलायें उपस्थित रही। चौपाल में उप निरीक्षक शिखा दंडोतिया ने महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा सहित साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह अपनी शिकायत मध्यप्रदेश पुलिस की डायल 100/112 सेवा, 1090 महिला हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्प लाइन से भी कर सकते है। उन्होंने उपस्थित बच्चियों को बताया कि किसी भी आपात स्थिती में डरे नहीं और न ही किसी घटना को छुपायें। आपके साथ कोई भी घटना होने पर तत्काल अपने मात-पिता और पुलिस को सूचित करें। चौपाल में उपस्थित लोगों को महिला अपराध संबंधी पेमप्लेट भी वितरित किये गये। इस अवसर पर आमजन को आजकल हो रहे सायबर संबंधी अपराधों के संबंध में जानकारी देकर उनसे बचाव के संबंध में भी जानकारी दी गई।



## संपादकीय

# हादसों से नहीं ली जा रही सीख, पटरी से लगातार उतर रही ट्रेन



जितने दावे नई और तमाम सुविधाओं से लैस आधुनिक ट्रेनें चलाने के किए जाते हैं, उतना ही ध्यान अगर ट्रेनों के संचालन, बुनियादी ढांचे के विकास और उसके मजबूत करने पर दिए जाएं, तो शायद हादसों को कुछ लगाम दिया जा पाता। किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि आगे ऐसे इंतजाम किए जाएं ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। मगर विडंबना है कि लगभग एक ही प्रकृति के हादसों का सिलसिला बना रहता है। सरकार की ओर से आगे सब ठीक करने के आश्वासन से ज्यादा कुछ भी ठोस सामने नहीं आता। पिछले कुछ वर्षों से देश भर में रेल हादसों की जैसी खबरें आ रही हैं, उससे यही लगता है कि रेल सुरक्षा को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है और कभी भी किसी दुर्घटना की खबर आ सकती है। सवाल है कि अगर देश के अलग-अलग हिस्सों में आए दिन रेलगाड़ियां हादसों का शिकार हो रही हैं, तो उसके लिए किसकी जवाबदेही बनती है और उसमें सुधार के लिए ठोस उपाय करने की जिम्मेदारी किसके कंधे पर है। गौरतलब है कि ओड़ीशा के कटक जिले के निर्गुंड़ी में रविवार को बंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के ग्यारह डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य कई लोग घायल हो गए। हो सकता है कि कटक में हुई दुर्घटना में जानमाल का ज्यादा नुकसान न होना राहत की बात मानी जाए, लेकिन ग्यारह डिब्बों का पटरी से उतरना एक गंभीर घटना ही है। सच यह है कि एक छोटी चूक या लापरवाही की वजह से बहुत सारे लोगों की जान पर बन आती है और इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें ट्रेन हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की जान चली गई। ऐसे हर हादसे के बाद सरकार की ओर से जांच और कार्रवाई करने की बात कही जाती है, लेकिन सवाल है कि चलती ट्रेन के पटरियों से उतरने और उससे उपजे जोखिम से यात्रियों को कब मुक्ति मिलेगी। लोग कब इस आशंका से पूरी तरह मुक्त होकर किसी ट्रेन से सफर करेंगे कि वह हादसे का शिकार न हो और वे सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच जाएं? अक्सर ऐसी खबरें सुर्खियों में होती हैं, जिनमें बताया जाता है कि रेलवे विभाग जल्दी ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा मुहैया कराने वाला है। इस तरह के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत यह है कि आए दिन किसी ट्रेन के पटरी से उतर जाने की खबर आती है, तो कभी किसी अन्य हादसे की। अगर दुर्घटना को लेकर लोगों के भीतर किसी तरह का केवल डर भी बैठता है, तो इसका कारण लगातार होने वाले रेल हादसे ही होते हैं। जितने दावे नई और तमाम सुविधाओं से लैस आधुनिक ट्रेनें चलाने के किए जाते हैं, उतना ही ध्यान अगर ट्रेनों के संचालन, बुनियादी ढांचे के विकास और उसके मजबूत करने पर दिए जाएं, तो शायद हादसों को कुछ लगाम दिया जा पाता। विचित्र है कि ट्रेनों की रफ्तार और उनके बोझ में तो लगातार इजाफा हो रहा है, मगर उसी मुताबिक पटरियों की गुणवत्ता और व्यवस्थागत पहलू को भी बेहतर करना जरूरी नहीं समझा जाता। सवाल है कि सिर्फ इस मामले में बरती जाने वाली उपेक्षा की वजह से अगर कोई रेलगाड़ी पटरी से उतर जाती है और हादसा हो जाता है, तो क्या सिर्फ जांच और कार्रवाई के आश्वासन के जरिए इस समस्या से पार पाया जा सकता है? आधुनिक शक्ल और महंगे किराए वाली ट्रेनें चलाने के बीच आए दिन छोटे-बड़े हादसे सामने आ रहे हैं और दूसरी ओर, भारतीय रेल महकमे में बड़ी तादाद में रिक्तियां पड़ी हुई हैं। सवाल है कि अगर सरकार ट्रेन हादसों पर लगाम लगाने का भरोसा देती भी है, तो लचर बुनियादी ढांचे और पदों के खाली रहने की स्थिति में उसका आधार क्या होगा?

# हर पल विचारों के घेरे में ही रहते हैं हम, माहौल से अलग हटकर व्यावहारिक बुद्धि का करना चाहिए इस्तेमाल

**‘ एक बेहतर जीवन तभी जिया जा सकता है, जब हम अपने विचारों पर निरंतर गौर करते रहें। सोच- विचार ही हमारी हर गतिविधि और हमारी दिनचर्या के रंग-रूप को निर्धारित करते हैं। शोध बताते हैं कि हर पल हम विचारों के घेरे में ही रहते हैं। तरह-तरह के हजारों विचार हर समय हमारे विवेक को चुनौती देते रहते हैं। यह सच है कि हमारे विचार हमारे माहौल के अनुसार ही पैदा होते हैं। ’**

हमें अपने जीवन की परेशानियों को बहाना नहीं बनने देना चाहिए। क्या हुआ अगर जिंदगी हमेशा न्यायपूर्ण नहीं रही! सवाल यह है कि आज हम इसके बारे में क्या करने वाले हैं। चाहे सुबह उठते ही हमें कोई कठिनाई मिली हो- चोरी हुए सामान, खराब सेहत, असफल रिश्ते या कोई डूबा हुआ व्यापार। इन्हें अपने सफर में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। एक बेहतर जीवन तभी जिया जा सकता है, जब हम अपने विचारों पर निरंतर गौर करते रहें। सोच- विचार ही हमारी हर गतिविधि और हमारी दिनचर्या के रंग-रूप को निर्धारित करते हैं। शोध बताते हैं कि हर पल हम विचारों के घेरे में ही रहते हैं। तरह-तरह के हजारों विचार हर समय हमारे विवेक को चुनौती देते रहते हैं। यह सच है कि हमारे विचार हमारे माहौल के अनुसार ही पैदा होते हैं। हम सबने महसूस किया है कि जिस समय हम सजधज कर किसी दावत या जश्न में अपने मनपसंद साथी के संग शामिल होते हैं, उस समय हमारे विचार उमंग तथा आनंद से भरे होते हैं। जब हम किसी विपरीत या अनचाहे माहौल में होते हैं, तब हमारे विचार बेहद नकारात्मक या उदासी भरे होते हैं। मसलन, जब हम टिकट आदि के लिए लंबी कतार में प्रतीक्षारत होते हैं या फिर सड़क पर जाम में फंसे हुए होते हैं तब हमारी विचारशीलता एकदम अलग होती है। दरअसल, आमतौर पर हम अपने माहौल से प्रभावित होकर अपने विचारों के बोझ से दबे रहते हैं और उसी के अनुरूप व्यवहार करते हैं। मगर इतिहास गवाह है कि जो माहौल से अलग हटकर व्यावहारिक बुद्धि का इस्तेमाल करता है वह जीवन को संवार और निखार लेता है। यह सन 1912 के ओलंपिक खेलों की बात है, जहां जिम थार्प, जो ओक्लाहोमा के एक मूल अमेरिकी थे, अमेरिका का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। जिस दिन उनकी प्रतियोगिता होनी थी, किसी ने चुपके से उनके जूते चुरा लिए, ताकि वे दौड़ में शामिल न हो सकें। जिम को वहां किसी ने कहा कि तुरंत इसकी शिकायत करो, अर्जी लिखो। मगर जिम जानते थे कि इसमें समय बर्बाद होगा।

उनको तो मिनटों में ही जल्दी कुछ करना था। जिम ने ठंडे दिमाग से सोचा। पास ही एक कचरा पात्र को खंगाला और उसमें से दो जूते खोजे और वही पहन लिए। मगर इनमें से एक जूता बड़ा था, इसलिए उन्हें एक अतिरिक्त जुराब भी पहननी पड़ी। इन असमान से जूतों को पहनकर भी जिम ने उस दिन दो स्वर्ण पदक जीते। यह घटना अपने माहौल को सूझ-बूझ से सकारात्मक बनाने और विजेता बनने का एक महान उदाहरण बना। एक समाचार पत्र ने तो यहां तक लिखा कि वह जलनखोर और नादान जूता चोर अब बहुत पछता रहा होगा, क्योंकि ईर्ष्यालु होकर उसने एक विजेता की राह में बाधक बनने का पाप अपने सिर ले लिया। हमें अपने जीवन की परेशानियों को बहाना नहीं बनने देना चाहिए। क्या हुआ अगर जिंदगी हमेशा न्यायपूर्ण नहीं रही! सवाल यह है कि आज हम इसके बारे में क्या करने वाले हैं। चाहे सुबह उठते ही हमें कोई कठिनाई मिली हो- चोरी हुए सामान, खराब सेहत, असफल रिश्ते या कोई डूबा हुआ व्यापार। इन्हें अपने सफर में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। हमारे पास या तो बहाने हो सकते हैं या फिर परिणाम, लेकिन दोनों एक साथ नहीं। अपने जीवन में हम अक्सर बहुत सारी चीजों के दर्द को कंधे पर लादे हुए फिरते हैं। अपने गलत फैसले को सही या गलत के सांचे में फिट कर देते हैं। असली बात यह है कि हालात न तो कभी सही होते हैं, न कभी गलत होते है। इसे एकतरफा हुए बगैर समझा जा सकता है। यानी जो कुछ भी अनचाहा है उसे भुलाया जाना, छोड़ देना, माफ कर देना और आगे बढ़ जाना हमारे हाथ में है और एकदम संभव भी है।



जिस जगत में हम जीवन यापन करते हैं, वह एक गहरी चेतना से सराबोर आईना है। यह चेतना ही हर चीज को संभालती है या गिरा देती है। जो चेतना को सबसे ऊपर रखते हैं, जीवन उनको गतिमान करता रहता है। हम अपने आज पर बीते कल को किस तरह लागू कर रहे हैं, यह पूरी तरह से हमारे ही हाथ में है। कटु स्मृति हर किसी के साथ होती है। मगर सच्चे और सही लोग उससे हटकर सुखद याद के झूले में ही झूलते हैं। सूझ-बूझ का मजबूत घेरा हमें हर तरह की असहजता से लोहा लेना सिखा देता है। ऐसे मजबूत दिमाग वालों से हम खाली गिलास के बारे में सवाल करेंगे तो वह हंसते हुए कुछ जवाब देंगे कि गिलास तो हवा से लबालब है। जिस तरह हम अपने कमरे में कोई कचरा नहीं रखते, अपने तन पर मैल नहीं जमने देते, उसी तरह मन को भी हर तरह के कचरे से मुक्त ही रखना चाहिए। बुरी भावना, बुरी आदत, बुरे विचार पर एकाग्रता यह हमको वैसा ही बुरा बना देता है। हमारे विचार जीवन के ऐसे वाहन हैं, जो हमें उन्नति या अवनति के सफर पर ले जाते हैं। इस संदर्भ में एक प्रसंग का जिक्र किया जा सकता है। एक जिज्ञासु छात्र ने अपने अध्यापक से पूछा कि व्यक्तित्व में निखार के लिए हमें क्या करना चाहिए? अध्यापक ने कहा कि लोग हमें चार तरीके से देखते-समझते हैं। हम क्या बोलते हैं, कैसे बोलते हैं, क्या करते हैं और कैसे दिखते हैं। इन्हीं के हिसाब से हमारा अच्छा प्रभाव पड़ सकता है और बुरा भी। अक्सर देखने में आता है कि लोग अधिक लगाव और चाव बस अपने पहनावे पर रखते हैं, ताकि उनके पहनावे से दूसरों पर प्रभाव पड़ सके! असल में पहनावा तो एक छोटा-सा पहलू हो सकता है। सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि हम अपने विचारों से दूसरों को अपने प्रति कैसा अनुभव करा सकते हैं, ताकि सामने वाले को लगे कि वह कुछ खास है। जो हमसे मिलकर खुद को खास महसूस करेगा, वह हमसे और भी अधिक बार मिलना चाहेगा।

हमारा मन इस ब्रह्मांड की व्यापक व्यवस्था का हिस्सा है। इसलिए मन की सेहत बहुत जरूरी होती है। हम गंदे, मटमैले और प्रदूषित विचारों के साथ अच्छा जीवन नहीं जी सकते हैं। दार्शनिक सुकरात अपने शिष्यों को यही बात समझाते थे कि यह जिंदगी आपकी है, इसे कोई और नहीं चला सकताज न कोई जीव-जंतु और न कोई दुखद वातावरण। यह केवल हमारी जिम्मेदारी है। हमें अपनी संतुलित सोच से इसे खुशी-खुशी निभाना चाहिए।

# पेंशन व्यवस्था में सुधार का समय, निजी और सरकारी क्षेत्र का भेद मिटाना जरूरी

कुल मिलाकर सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ-साथ असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों स्वरोजगार करने वाले लोगों गिग कर्मचारियों सहित अन्य क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों की विविधता को ध्यान में रखते हुए ईपीएफओ सरकार और नियोक्ताओं को मिलकर एक देश-एक पेंशन की दिशा में समग्र दृष्टिकोण पर कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार को सभी कर्मचारियों के लिए एक समान राष्ट्रीय पेंशन कोष बनाना चाहिए। भारत में जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के साथ लोगों के गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए पेंशन और हेल्थकेयर सुविधाओं की अनिवार्यता भी बढ़ती जा रही है। देश के सामाजिक सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाने के लिए यूनिवर्सल पेंशन योजना के रूप में सरकार एक बड़ा कदम उठाने के तैयारी कर रही है, जिसके अंतर्गत 18 साल से अधिक का कोई भी व्यक्ति स्वैच्छिक अंशदान कर 60 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन पाने का हकदार बन सकता है। छोटे दुकानदारों, स्वरोजगारों, श्रमिकों, गिग श्रमिकों आदि के लिए बनाई जा रही इस यूनिवर्सल पेंशन द्वारा सरकार पेंशन संरचना को और अधिक सरल बनाना चाहती है। इस योजना का कार्यान्वयन भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ द्वारा किए जाने से सरकार पर आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा। इससे न सिर्फ सरकारी निधियों का उचित आवंटन होगा, बल्कि पेंशन लाभ को बढ़ाने और लाभार्थियों के दोहराव को रोकने में भी मदद मिलेगी। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, छोटे व्यापारियों आदि को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना, राष्ट्रीय पेंशन योजना, अटल पेंशन योजना आदि चलाई जा रही है। इसके साथ-साथ राज्य सरकारों द्वारा भी अनेक प्रकार की पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही है, जिन पर लगभग 150 लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया जा रहा है। इन सभी योजानओं को एकीकृत कर सरकार यूनिवर्सल पेंशन योजना बनाने की दिशा में अग्रसर है। केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली पेंशन राशि 500 से लेकर 3000 रुपये तक है। यूनिवर्सल पेंशन योजना के आने का एक बड़ा लाभ यह होगा कि लाभार्थियों की गिनती दोबारा नहीं होगी। दूसरा लाभ यह होगा कि अधिक लोग इस योजना के दायरे में सम्मिलित हो सकेंगे, जो पहले किसी भी योजना का हिस्सा नहीं हैं। तीसरा, 15-20 साल बाद मिलने वाली पेंशन में वह एक सम्मानजनक राशि पाने के हकदार भी बन जाएंगे, जिससे बुढ़ापे में उनकी बुनियादी आवश्यकताएं भी पूर्ण हो सकेंगी। भारत में सामाजिक सुरक्षा की



आवश्यकता इसलिए भी महत्वपूर्ण होती जा रही है, क्योंकि आने वाले समय में गिग श्रमिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। नीति आयोग के अनुसार देश में 77 लाख गिग कर्मचारियों के लिए किसी भी तरह की कोई भी सामाजिक सुरक्षा नहीं है। दूसरी ओर बुजुर्गों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। एक अनुमान के अनुसार 2036 तक भारत में 60 वर्ष से अधिक की बुजुर्ग आबादी 22 करोड़ से अधिक और 2050 तक लगभग 34 करोड़ से अधिक हो जाएगी। इन लाखों बुजुर्गों को भविष्य में सुरक्षा बीमा देने में भी यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी। यूनिवर्सल पेंशन योजना को लोकप्रिय बनाने के लिए ईपीएफओ द्वारा संचालित प्रशासनिक स्तर की प्रक्रिया, लोगों द्वारा किए जाने वाले अंशदान और मिलने वाली पेंशन की राशि जैसे नियमों आदि को बहुत सरल और स्पष्ट बनाना होगा। यह मेगा प्लान तभी गेमचेंजर बन सकता है, जब कम आय वाले लोगों को कम लागत के साथ अधिक सुरक्षित पेंशन के साथ दिया जाएगा। निम्न आय वाले लोगों को यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके द्वारा की गई बचत सुरक्षित रहेगी और पेंशन में उनको कम से कम एक निश्चित राशि तो अवश्य मिलेगी ही। इसके लिए ईपीएफओ को सरकारी बांड, कारपोरेट बांड और शेयर बाजार के जोखिम से बचने और अच्छा रिटर्न लेने के लिए निवेश में संतुलन बनाने पर फोकस करना होगा। 15-20 साल बाद मिलने वाली पेंशन को अटल पेंशन स्कीम की तरह आठ प्रतिशत के रिटर्न के साथ जोड़ना वास्तव में एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जो मुद्रास्फीति से भी सुरक्षा प्रदान करेगा। इसमें लोगों की प्रतिभागिता को बढ़ाने के लिए प्रत्येक संस्था और ठेकेदारी व्यवस्था में यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि सभी लोगों को वेतन बैंक के माध्यम ही मिलना चाहिए। प्रत्येक कर्मचारी का खाता भी ईपीएफओ में अवश्य ही होना चाहिए। असंगठित क्षेत्र की तरह निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए भी पेंशन की अपर्याप्त व्यवस्थाएं हैं। निजी क्षेत्र का कोई भी कर्मचारी कितनी ही आय प्राप्त करता हो, परंतु पेंशन के फार्मूले में अधिकतम आय 15 हजार पर ही गणना की जाती है। 15 हजार की आय के आधार पर यदि कोई कर्मचारी 10 साल, 20 साल और 30 साल तक काम करता है तो उसकी पेंशन क्रमशः 2,143 रुपये, 4,286 रुपये, और 6,429 रुपये प्रति माह होगी। उल्लेखनीय है कि सरकारी कर्मचारी के पास पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस), नई पेंशन योजना (एनपीएस) एवं यूनीफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) का प्रविधान है, जिसमें पेंशन के रूप में उसे कम से कम एक निश्चित राशि तो मिलती ही है। इस असमानता को समाप्त करने के लिए निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की पेंशन को भी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के साथ जोड़ा जाना चाहिए। इससे सरकार पर कोई भी वित्तीय दबाव नहीं पड़ेगा और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी स्पष्ट होगा कि कितना अंशदान करने पर उसको कितनी पेंशन मिलेगी। इससे सरकार पर पड़ने वाला आर्थिक दबाव भी कम होगा। कुल मिलाकर सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ-साथ असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों, स्वरोजगार करने वाले लोगों, गिग कर्मचारियों सहित अन्य क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों की विविधता को ध्यान में रखते हुए ईपीएफओ, सरकार और नियोक्ताओं को मिलकर एक देश-एक पेंशन की दिशा में समग्र दृष्टिकोण पर कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार को सभी कर्मचारियों के लिए एक समान राष्ट्रीय पेंशन कोष बनाना चाहिए। निजी और सरकारी क्षेत्र का भेद मिटा कर सभी के लिए एक फार्मूले के अंतर्गत एक समान पेंशन योजना को लागू किया जाना चाहिए। असंगठित क्षेत्र के निम्न आय प्राप्त करने वालों को न्यूनतम पेंशन की गारंटी के साथ शामिल किया जाना चाहिए।

# नौकरशाही का भ्रष्टाचार, संसदीय समिति ने की दंडात्मक कार्रवाई की मांग

**कार्मिक, लोक शिकायत, कानून एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति ने बीते वर्ष 91 आईएएस अधिकारियों की ओर से अचल संपत्ति का विवरण न दिए जाने का उल्लेख करते हुए यह जो कहा कि ऐसे अफसरों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए, उससे कुछ हासिल होने वाला नहीं है। इसमें संदेह है कि ऐसे किसी प्रविधान से आईएएस अफसर भय खाएंगे।**

समस्या यह भी है कि अन्य सरकारी अधिकारियों और यहां तक कि कर्मचारियों के भ्रष्टाचार के किस्से खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि केंद्र सरकार की शीर्ष नौकरशाही के भ्रष्टाचार पर एक बड़ी हद तक लगाम लगी है क्योंकि निचले स्तर पर पहले की ही तरह भ्रष्टाचार व्याप्त है। इस भ्रष्टाचार के चलते विकास एवं जनकल्याण की योजनाएं प्रभावित होती हैं। कार्मिक, लोक शिकायत, कानून एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति ने बीते वर्ष 91 आईएएस अधिकारियों की ओर से अचल संपत्ति का विवरण न दिए जाने का उल्लेख करते हुए यह जो कहा कि ऐसे अफसरों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए, उससे कुछ हासिल होने वाला नहीं है। इसमें संदेह है कि ऐसे किसी प्रविधान से आईएएस अफसर भय खाएंगे। यदि ऐसा कोई प्रविधान बन भी जाता है तो ये अफसर उसमें आसानी से छिद्र तलाश लेंगे। बहुत संभव है कि शीर्ष नौकरशाह प्रविधान ही ऐसे तैयार कराएं, जिससे अपनी संपत्ति का विवरण न देने वाले आईएएस अफसरों के खिलाफ ठोस कार्रवाई संभव न हो सके। आखिर यह एक तथ्य है कि नियम-कानून बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी का लाभ उठाकर वह ऐसी व्यवस्था नहीं




बनने दे रहे हैं, जिससे उन्हें जवाबदेह बनाया जा सके अथवा उन्हें उनके भ्रष्टाचार से रोका जा सके या फिर उन्हें इसके लिए दंडित किया जा सके। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार का एक कारण नौकरशाहों का रवैया है। यदि वे चाह लें तो प्रशासनिक और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर प्रभावी ढंग से अंकुश लग सकता है।

ध्यान रहे कि यदि नेता भ्रष्टाचार करने में समर्थ रहते हैं तो नौकरशाहों की मदद से ही। नौकरशाह न केवल नेताओं के भ्रष्टाचार में मददगार बनते हैं, बल्कि ऐसे जतन भी करते हैं, जिससे खुद उनके भ्रष्ट तौर-तरीकों का पर्दाफाश न हो सके। यही कारण है कि रह-रहकर ऐसे भ्रष्ट नौकरशाहों का मामला सामने आता रहता है, जिनके पास अकूत चल-अचल संपत्ति होने का पता चलता है। यदि यह सोचा जा रहा है कि नौकरशाहों की ओर से अपनी संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करने से उनके भ्रष्टाचार पर अंकुश लग जाएगा तो यह एक दिवास्वप्न ही है। अच्छा हो कि इससे आगे कुछ सोचा जाए। सबसे पहला काम तो प्रशासनिक सुधार का किया जाना चाहिए। यह निराशाजनक है कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के तमाम दावों के बाद भी मोदी सरकार प्रशासनिक सुधारों को इस तरह आगे नहीं बढ़ा सकी है, जिससे नौकरशाही के भ्रष्टाचार पर रोक लग सके। समस्या केवल यह नहीं है कि आईएएस अफसरों के भ्रष्टाचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। समस्या यह भी है कि अन्य सरकारी अधिकारियों और यहां तक कि कर्मचारियों के भ्रष्टाचार के किस्से खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि केंद्र सरकार की शीर्ष नौकरशाही के भ्रष्टाचार पर एक बड़ी हद तक लगाम लगी है, क्योंकि निचले स्तर पर पहले की ही तरह भ्रष्टाचार व्याप्त है।

इस भ्रष्टाचार के चलते न केवल विकास एवं जनकल्याण की योजनाएं प्रभावित होती हैं, बल्कि आम लोगों को सरकारी विभागों से अपने छोटे-मोटे काम कराने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

# तैनाती में अधिकारी दिखाते हैं चतुराई, भ्रषचार रोकने के लिए संसदीय समिति ने सुझाए अहम सुझाव

**नौकरशाही को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त करने की सिफारिशें लंबे समय से की जाती रही हैं। मगर इस दिशा में किसी भी सरकार ने गंभीरता से पहल नहीं की। यह परिपाटी-सी बन गई है कि जब भी सरकार बदलती और कोई दूसरा दल सत्ता की कमान संभालता है, तो बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले किए जाते हैं। हर राजनीतिक दल सत्ता संभालने के साथ ही अपने करीबी और भरोसेमंद अधिकारियों को जिम्मेदार पदों पर पदस्थ करता और उन्हें लंबे समय तक वहां बनाए रखने का प्रयास करता है।**

संसदीय समिति ने अपनी जांच में पाया कि कुछ अधिकारी आठ-नौ वर्षों से एक ही मंत्रालय में जमे हुए हैं। कुछ अधिकारियों ने अपनी तैनाती में कुछ इस तरह चतुराई दिखाई है कि उनका पूरा कार्यकाल एक ही मंत्रालय में बीता है।

नौकरशाही को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त करने की सिफारिशें लंबे समय से की जाती रही हैं। मगर इस दिशा में किसी भी सरकार ने गंभीरता से पहल नहीं की। यह परिपाटी-सी बन गई है कि जब भी सरकार बदलती और कोई दूसरा दल सत्ता की कमान संभालता है, तो बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले किए जाते हैं। हर राजनीतिक दल सत्ता संभालने के साथ ही अपने करीबी और भरोसेमंद अधिकारियों को जिम्मेदार पदों पर पदस्थ करता और उन्हें लंबे समय तक वहां बनाए रखने का प्रयास करता है। अब संसद की एक स्थायी समिति ने कहा है कि अधिकारियों को लंबे अरसे तक एक ही जगह पदस्थ किए रखने से भ्रष्टाचार बढ़ता है। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय विभाग से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से संबंधित चालू वर्ष की अनुदान मांगों पर अपनी रपट पेश करते हुए कहा कि अधिकारियों की बारी-बारी से स्थानांतरण की प्रचलित



नीति लागू की जानी चाहिए। संसदीय समिति ने अपनी जांच में पाया कि कुछ अधिकारी आठ-नौ वर्षों से एक ही मंत्रालय में जमे हुए हैं। कुछ अधिकारियों ने अपनी तैनाती में कुछ इस तरह चतुराई दिखाई है कि उनका पूरा कार्यकाल एक ही मंत्रालय में बीता है। करीब पंद्रह वर्ष पूर्व जब अधिकारियों की थोड़े-थोड़े समय पर तबादलों की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंगुलियां उठनी शुरू हुई थीं, तब प्रशासनिक आयोग ने सिफारिश की थी कि किसी भी अधिकारी का तबादला तीन वर्ष से कम समय में न किया जाए, ताकि वे एक स्थान पर रह कर कुछ बेहतर काम कर सकें। मगर अब इसके उलट प्रवृत्ति विकसित हुई देखी जा रही है, तो यह भी चिंता का विषय है। निस्संदेह कुछ अधिकारी ईमानदारी और संजीदगी से काम करते हैं और उनका एक जगह लंबे समय तक बने रहना लाभदायक साबित होता है। मगर संसदीय समिति की इस बात को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि एक ही जगह लंबे समय तक बने रहने वाले अधिकारी अनियमितताओं में लिप्त हो जाते हैं। अगर बारी-बारी से अधिकारियों के तबादले की नीति रही है, तो उसका पालन करने में सरकारों को क्यों गुरेज होना चाहिए।



# रोहित-विराट बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में ए-प्लस ग्रेड में ही रहेंगे

### श्रेयस की वापसी होगी अभिषेक, नीतीश और वरुण को मिल सकता है मौका



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर्स विराट कोहली और रोहित शर्मा बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में, प्लस ग्रेड में ही रहेंगे। बीसीसीआई के सूत्रों के मुताबिक, बोर्ड दोनों खिलाड़ियों को टी-20 से रिटायरमेंट के बावजूद ए प्लस ग्रेड में रखने पर विचार कर रहा है। इस ग्रेड में दोनों प्लेयर्स को सालाना 7 करोड़ रुपए मिलेंगे।

बोर्ड का मानना है कि इन दोनों खिलाड़ियों को वह सम्मान मिलना ही चाहिए, जिसके वे हकदार हैं। सूत्रों ने बताया कि टीम इंडिया के नंबर 4 बल्लेबाज और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हो सकती है। श्रेयस अय्यर को कुछ घरेलू मैच न खेलने की वजह से सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटा दिया गया था।

अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी में करीब 49 की औसत से बनाए रन अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 5 पारियों में 79.41 के स्ट्राइक रेट से 243 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने दो अर्धशतक भी लगए थे। उन्होंने फाइनल में 62 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली थी। वे टूर्नामेंट के दूसरे टॉप स्कोरर रहे थे। वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ए+ में बरकरार रहेंगे। ये तीनों पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह भी ए+ ग्रेड में बने रहेंगे। घरेलू क्रिकेट में श्रेयस ने शानदार प्रदर्शन किया पिछले साल श्रेयस और ईशान किशन को डोमेस्टिक क्रिकेट नहीं खेलने की वजह से बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से हटा दिया गया था। इसके बाद श्रेयस ने घरेलू क्रिकेट में वापसी की और आखिरी रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए पांच मैचों में 480 रन बनाए। नौ मैचों में 345 रन बनाकर श्रेयस सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 325.00 की शानदार औसत से पांच मैचों में 325 रन बनाए।

# शानदार रिकॉर्ड के नाम रहा एमआई और केकेआर का मैच, डेब्यूटेंट अश्विनी ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 12वें मैच में डेब्यूटेंट अश्विनी कुमार ने चार विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम मुंबई इंडियंस (एमआई) को मौजूदा सीजन की पहली जीत दिलाई। एमआई ने यह मैच 8 विकेट से जीत लिया, जब उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा दिए गए 117 रनों के छोटे टारगेट का पीछा केवल 12.5 ओवरों में ही कर लिया। एमआई के साथ-साथ यह मैच रिकॉर्ड बुक के लिए भी शानदार रहा।

मोहाली से आने वाले 23 साल के बाएं हाथ के पेसर अश्विनी कुमार आईपीएल के डेब्यू मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 24 रन देकर चार विकेट हासिल किए। वह पहले ही आईपीएल मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय भी बने हैं। आईपीएल में डेब्यू मैच में बेस्ट प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज के मामले में अल्जारी जोसेफ नंबर एक हैं, जिन्होंने 2019 में मुंबई इंडियंस के लिए 12 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

केकेआर ने इस मैच में केवल 116 रन बनाए और यह आईपीएल 2025 के सीजन का सबसे कम स्कोर था। यह इस सीजन में केकेआर की तीसरे मैच में दूसरी हार थी।

मुंबई इंडियंस और केकेआर ने तीन मैचों में अब तक दो मैच हारे हैं और एक-एक मैच में जीत मिली है। लेकिन खास बात यह है कि मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 24वीं बार हराया है। आईपीएल में किसी भी टीम ने किसी एक विपक्षी को इतनी बार मात नहीं दी है। वहीं, वानखेड़े स्टेडियम में केकेआर को एमआई के खिलाफ 10वीं हार मिली है।

इस मैच में एमआई के स्टार मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने 9 गेंदों पर 27 रनों की आतिशी पारी खेली और टी20 क्रिकेट में अपने आठ हजार रन भी पूरे कर लिए हैं। वह टी20 में भारत के 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस मामले में 12,976 रनों के साथ नंबर एक विराट कोहली हैं। रोहित शर्मा, शिखर धवन और सुरेश रैना टॉप-5 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं।

# ताऊ महावीर फोगाट की विनेश को नसीहत, बोले- सोच समझकर दे बयान



**नई दिल्ली।** हरियाणा के चरखी दादरी में द्रोणाचार्य अवॉर्डी एवं दंगल गर्ल गीता-बबीता के पिता महावीर फोगाट ने जुलाना विधायक एवं ओलंपियन महिला रेसलर अपनी भतीजी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उसने सुख-दुख पाकर विनेश को ओलिंपिक तक पहुंचाया है।

उसने अपने ताऊ व गुरू यानि उनका मान सम्मान नहीं रखा तो सरकार उनसे क्या उम्मीद कर सकती है। साथ ही उन्होंने विनेश को नसीहत भी दी है कि वे जो भी बयान दे वो सोच-समझ कर दे। बता दे कि विनेश के इनामी राशि सरकार के मुंह पर मारने व विधानसभा में ईनामी राशि का मुद्दा उठाए जाने के बाद ओलंपियन पहलवान योगेश्वर दत्त ने ईनामी राशि को लेकर बयान दिया था। जिस पर चरखी दादरी में प्रतिक्रिया देते हुए महावीर फोगाट ने अपनी भतीजी को कड़ी नसीहत दी है।

खिलाड़ी को ऐसी भाषा शोभा नहीं देती महावीर ने यहां तक कहा कि उनकी बातों में अंहकार झलक रहा था। एक खिलाड़ी को ऐसी भाषा शोभा नहीं देती। सरकार ने उनको अवॉर्ड राशि दी है वो सराहनीय है। विनेश को सरकार का आभार जताना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जो मान-सम्मान देता है उसका हमें भी मान सम्मान करना चाहिए। महावीर फोगाट ने कहा कि किसी की बातों में आकर अपना भविष्य खराब नहीं करना चाहिए।

विधायक विनेश के ताऊ महावीर फोगाट ने कहा कि उनकी भाषा अहंकारी है। उसने कई बार उसकी बातें सुनी हैं। उसने कई बार बड़े-बड़े बोल बोले है जो एक अच्छे खिलाड़ी को शोभा नहीं देते। वो मीडिया या दूसरी जगह पर जो बयान दे वो सोच-समझकर दे।

गुरू का नहीं रखा मान महावीर फोगाट ने कहा कि उन्होंने सुख-दुख पाकर विनेश को ओलिंपिक तक पहुंचाया। लेकिन उसने अपने गुरु अपने ताऊ का मान सम्मान नहीं रखा। ऐसे में केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार उनसे क्या उम्मीद कर सकती है।

महावीर फोगाट ने कहा कि तत्कालीन हुड्?डा सरकार ने उनकी पूरी तरह से अनदेखी की। हुड्?डा ने गीता-बबीता को डीएसपी नहीं बनाया। इसके अलावा कुश्ती हॉल के लिए मैट तक उपलब्ध नहीं करवाया। लेकिन विनेश ने हुड्?डा व कांग्रेस के खिलाफ एक भी शब्द ना ही पहले बोला और ना ही बाद में। वहीं महावीर फोगाट ने विनेश को अवॉर्ड राशि देने पर सैनी सरकार का आभार जताया।

# भारत के लिए हॉकी में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली स्टार खिलाड़ी का संन्यास



**नई दिल्ली।** वंदना कटारिया ने इंटरनेशनल हॉकी को अलविदा कह दिया है. भारत के लिए 320 मैच खेल चुकीं 32 साल की स्ट्राइकर वंदना ने भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेले हैं. उन्होंने कहा कि वह अपने 15 साल के सुनहरे करियर के शिखर पर विदा ले रही हैं।

2009 में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाली कटारिया टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम का हिस्सा थीं, जिसमें उन्होंने हैट्रिक भी लगाई. ऐसा करनी वाली वह पहली और इकलौती भारतीय महिला खिलाड़ी हैं. हरिद्वार के रोशनाबाद की रहने वाली कटारिया ने फरवरी में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग में भारत के लिए आखिरी मैच खेला।

वंदना ने कहा, आज भारी, लेकिन कृतज्ञ मन से मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले रही हूं. यह फैसला सशक्त करने वाला और दुखी करने वाला दोनों है. मैं इसलिए नहीं हट रही हूं क्योंकि मेरे अंदर की आग मंद पड़ गई है या मेरे भीतर हॉकी नहीं बची है, बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने करियर के शिखर पर संन्यास लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं।

उन्होंने कहा यह विदाई थकान की वजह से नहीं है. यह अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का एक विकल्प है, मेरा सिर ऊंचा रहेगा और मेरी स्टिक अभी भी आग उगल रही होगी. भीड़ की गर्जना, हर गोल का रोमांच और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरे मन में गूंजता रहेगा।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा,'मेरे दिवंगत पिता मेरी चट्टान, मेरे मार्गदर्शक थे. उनके बिना मेरा सपना कभी पूरा नहीं होता. उनके बलिदानों और प्यार से मेरे खेल की नींव पड़ी. उन्होंने मुझे सपने देखने, लड़ने और जीतने के लिए मंच दिया।

## व्यापार

# हल्दीराम ने आईएचसी और अल्फा वेव को 6 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

### 85 हजार करोड़ की वैल्यूएशन पर हुई डील टेमासेक भी खरीद चुका 10 प्रतिशत स्टेक



**नई दिल्ली।** हल्दीराम ने स्नैक्स डिवीजन में अबू धाबी बेस्ड इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी और न्यूयॉर्क की अल्फा वेव ग्लोबल को 6 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, हल्दीराम ने इस स्टेक को 10 बिलियन डॉलर (करीब 85.57 हजार करोड़ रुपए) की वैल्यूएशन पर बेचा है। हालांकि, कंपनी ने डील पर कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी है।

इससे पहले 30 मार्च को सिंगापुर की सॉवरेन इन्वेस्टमेंट फर्म टेमासेक ने हल्दीराम के स्नैक्स डिवीजन में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए एग्रीमेंट किया था। यह डील 1 बिलियन डॉलर (करीब 8,555 करोड़ रुपए) में हुई थी। हल्दीराम ने बताया कि टेमासेक ने कंपनी के मौजूदा शेयर होल्डर्स के 10त्न हिस्सेदारी को खरीदा है।

**ब्लैकस्टोन भी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का ऑफर दे चुका**

दोनों पक्ष कई महीनों से इस डील के लिए बातचीत कर रहे थे। अमेरिका की प्राइवेट इक्विटी ब्लैकस्टोन ने भी हल्दीराम में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए ऑफर दिया था, लेकिन ये ऑफर कम वैल्यूएशन पर था। इसलिए हल्दीराम ने यह डील टेमासेक के साथ फाइनल की। यह सेल भारत के फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) क्षेत्र में हाल के सबसे बड़े लेन-देन में से एक है। बैंकर्स का कहना है कि हल्दीराम के प्रमोटर अगले साल के भीतर इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) लाने पर विचार कर रहे हैं।

**तीन फैमिली एनटीटी हल्दीराम ब्रांड ऑपरेट करती है**

भारत में हल्दीराम ब्रांड का संचालन दिल्ली, नागपुर और कोलकाता में स्थित तीन अलग-अलग फैमिली एनटीटी द्वारा किया जाता है। हालांकि, दिल्ली और नागपुर फैमिली ने अपने स्नैक्स बिजनेस हल्दीराम स्नैक्स और हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल को एक सिंगल एनटीटी, हल्दीराम स्नैक्स फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में मर्ज कर दिया है।

# वीआई का शेयर 20 प्रतिशत चढ़कर 8.17 पर पहुंचा वजह- कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत हो रही

**नई दिल्ली।** देश की तीसरी बड़ी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन-आइडिया का शेयर आज यानी मंगलवार (1 अप्रैल) 20.15 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। कंपनी के शेयरों में यह तेजी सरकार के एक फैसले के बाद आया है।


दरअसल, सरकार स्पेक्ट्रम के 36,950 करोड़ रुपए के बकाया को इक्विटी में बदलने वाली है। इसके बाद टेलीकॉम कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 22.6 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 49 प्रतिशत हो जाएगी। हालांकि, प्रमोटर कंपनी का ऑपरेशनल कंट्रोल बरकरार रखेंगे।

वोडाफोन आइडिया ने एक प्रेस स्टेटमेंट में बताया कि मिनिस्ट्री ऑफ कम्युनिकेशन ने 29 मार्च 2025 को एक आदेश जारी किया था, जिसमें सितंबर 2021 के टेलीकॉम रिफॉर्म पैकेज के चलते कन्वर्जन को मंजूरी दी गई थी। कंपनी को यह आदेश 30 मार्च को मिला है।

इस प्रोसेस के तहत वोडाफोन आइडिया सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया और रिलेवेंट ऑथोरिटीज से मंजूरी मिलने के 30 दिनों के भीतर 10 रुपए प्रति शेयर की फेस वैल्यू पर 3,695 करोड़ इक्विटी शेयर जारी करेगी। कंपनी ने कहा कि वह जरूरी अप्रूवल्स प्राप्त करने के बाद इक्विटी जारी करने के काम को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करेगी।

शुक्रवार को वोडाफोन आइडिया का शेयर 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6.80 रुपए पर बंद हुआ था। बीते एक महीने में कंपनी का शेयर करीब 10 प्रतिशत, छह महीने में 35 प्रतिशत और एक साल में 51 प्रतिशत गिरा है। कंपनी का मार्केट कैप 48.55 हजार करोड़ रुपए है।

# सेंसेक्स में साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट 1390 अंक नीचे 76,024 पर बंद, निफ्टी 353 लुढ़का



**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 के पहले कारोबारी दिन यानी मंगलवार (1 अप्रैल) को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 1390 अंक (करीब 1.80 प्रतिशत) गिरकर 76,024 के स्तर पर बंद हुआ।

यह इस साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले सेंसेक्स में 28 फरवरी को 1414 (1.90 प्रतिशत) अंक की गिरावट रही थी। निफ्टी में भी करीब 353 अंक (करीब 1.50 प्रतिशत) की गिरावट रही, ये 23,165 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट रही। एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और इंफोसिस में सबसे ज्यादा करीब 4 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। एनएसई के 50 शेयरों में से 36 में गिरावट रही।

सेक्टोरल इंडाइसेज की बात करें तो रियल्टी में 3.11 प्रतिशत, कंज्यूमर ड्यूरेबल में 2.50 प्रतिशत, आईटी में 2.45 प्रतिशत, फार्मा में 1.73 प्रतिशत और प्राइवेट बैंक में 1.21 प्रतिशत की गिरावट रही।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (28 मार्च) को सेंसेक्स करीब 198 अंक गिरकर 77,414 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में करीब 72 अंकों की गिरावट रही, ये 23,519 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों मे से 11 में तेजी जबकि 19 में गिरावट रही। इंडसइंड बैंक में सबसे ज्यादा 3.5 प्रतिशत की गिरावट रही। जबकि, कोटक महिंद्रा बैंक, एचयूएल और आईसीआईसीआई बैंक में करीब 1 प्रतिशत की तेजी रही।

# लोगों को महंगाई की मार से मिलेगी राहत, एलपीजी गैस सिलेंडर हुआ सस्ता, 41 रुपये की कटौती



**नई दिल्ली।** महीने की पहली तारीख कुछ लोगों के लिए राहत लेकर आई है। दरअसल, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती का एलान किया गया है। तंल कंपनियों की कीमतों में 41 रुपये की कटौती की गई है। महंगाई की मार के बीच इसे राहत के तौर पर देखा जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में संशोधन किया है। 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में आज से 41 रुपये की कटौती की गई है। दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की खुदरा बिक्री कीमत आज से 1762 रुपये हो गई है।


इससे पहले पिछले महीने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में इजाफा हुआ था। तब यह दरें 25 रुपये बढ़ाई गई थीं। तब दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की खुदरा कीमत 1795 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई थी। इससे भी पहले फरवरी में केंद्रीय आम बजट से पहले लोगों के लिए एक राहत भरी खबर आई थी। तब तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में सात रुपये की कटौती की थी। तब दिल्ली में इस सिलेंडर की खुदरा बिक्री कीमत 1797 रुपये हो गई थी।

सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) हर महीने की पहली तारीख को बेंचमार्क अंतरराष्ट्रीय ईंधन की औसत कीमत और विदेशी विनिमय दर के आधार पर एटीएफ और रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं।

# जूना गुजराती लोहार सुथार पांचाल समाज की बैठक सम्पन्न

**– मनोज पांचाल जिला अध्यक्ष एवं अर्जुन पांचाल जिला संयोजक मनोनीत**

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**देवास।** देवास जूना गुजराती लोहार /सुथार पांचाल समाज की बैठक को समाज के डॉ. मुकेश पांचाल ने बुलाई थी। जिसमें समाज द्वारा हिन्दू नववर्ष मनाया गया। तत्पश्चात् डॉ. मुकेश पांचाल ने समाज को अवगत कराते हुए कहा समाज का नेतृत्व अध्यक्ष के रूप में चुना जाए इस विषय पर चर्चा की ओर कहा कि आपस में सलाह मशवरा कर समाज का अध्यक्ष चुना जाए। बैठक का प्रारम्भ भगवान विश्वकर्मा जी एवं माँ सरस्वतीजी की पूजार्चना कर पुष्पमाला अर्पण की। तत्पश्चात सैकड़ों की संख्या में पहुंचे समाज के लोगों ने बैठक में कौन अध्यक्ष बने





इस पर आपस में चर्चा की और समाज के प्रबुद्ध जनों एवं युवाओ ने मनोज पांचाल को जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनोज पांचाल ने अर्जुन पांचाल को जिला संयोजक के पद पर नियुक्त किया जिस पर समाज सहित उनके दोस्तों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बैठक के बाद देवास जूना गुजराती लोहार सुथार पांचाल समाज के नव नियुक्त चयनित जिला अध्यक्ष मनोज पांचाल ने घोषणा करते हुए कहा हम एक माह के अंदर अपनी कार्यकारणी तय कर समाज के युवा, मातृशक्ति माता, बहने एवं वरिष्टजनों को एक मंच के माध्यम से बैठक करेंगे जिसमें समाज के मार्गदर्शन में समाज की गतिविधि को आगे बढाएंगे। कार्यक्रम के अंत में भगवान विश्वकर्मा जी की आरती की गई। बैठक का संचालन डॉ. मुकेश पांचाल ने किया।
बैठक में दिलीप पांचाल, अशोक पांचाल, जीवन पांचाल, संतोष पांचाल, सत्यनारायण पांचाल, मांगीलाल पांचाल, गोवर्धन पांचाल, सोहन मिस्त्री, राजेंद्र पांचाल, कैलाश पांचाल, महेश पांचाल, मनोज पांचाल, नितिन पांचाल, विनोद पांचाल, सत्यनारायण पांचाल, मोहन पांचाल, राधेश्याम पांचाल, महेंद्र पांचाल, हेमंत पांचाल, नंदकिशोर पांचाल, ओम पांचाल, विष्णु पांचाल, अर्जुन पांचाल आदि उपस्थित रहे। आभार बंशीलाल पांचाल ने माना। उक्त जानकारी डॉ. मुकेश पांचाल ने दी।

# नव उत्साह के साथ छात्रों ने किया नवीन सत्र में विद्यालय में प्रवेश पुष्पमाला पहना कर किया छात्रों का स्वागत

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**देवास।** 01 अप्रैल से विद्यालय में नवीन सत्र के प्रारंभ के साथ ही प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। स्थानीय श्री नारायण विद्या मंदिर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक देवास में भी स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि नितिन आहूजा के आतिथ्य में प्रवेश उत्सव मनाया गया। विद्यालय के शिक्षक मिर्जा मुशाहिद बैग ने बताया कि प्राचार्य के.के. मिश्रा, अतिथि नितिन आहूजा एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सत्र के प्रारंभ में प्रथम दिवस विद्यालय आने वाले छात्रों को तिलक कर एवं पुष्पमाला पहना कर नवीन शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय में कक्षा में प्रवेशित छात्रों ने बहुत उत्साह और हर्ष के साथ प्रवेश किया। इस



अवसर पर छात्रों को पाठ्यक्रम की पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया। पार्षद प्रतिनिधि श्री आहूजा ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था शिक्षक अनुज जायसवाल ने छात्रों को निरंतर विद्यालय आने और नियमित अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य के.के. मिश्रा ने नवीन सत्र में नव ऊर्जा के साथ अध्ययन कर श्रेष्ठ उपलब्धि अर्जित करने का छात्रों से आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सादिया खान ने किया एवं आभार शिक्षिका अनीता पंड्या ने माना। इस अवसर पर जन शिक्षक सहज सरकार, संस्था के लोकेश दुबे, मनोहर पटेल, सुनील नायक, अंजना सोनी, प्रमिला देवलिया, मनीषा श्रीवास्तव, मद्कली तिर्की, सुनीता भगोर, सारिका कीकर, डी. राजेश्वरी, अंकिता व्यास, लता यादव, सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

# कलेक्टर को कोटवारों ने दिया ज्ञापन

**– घटिया किस्म की वर्दी व अन्य सामग्री की बजाय राशि दी जाए**

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**देवास।** मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के बैनर तले देवास जिलेभर के कोटवारों ने सिली-सिलाई वर्दी, गरम कोट, टॉर्च, जुते न लेने एवं सामग्री के बदले राशि दिए जाने की मांग को लेकर जिलाध्यक्ष अम्बाराम मालवीय के नेतृत्व में कलेक्टर ऋतुराज सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला सचिव संतोष शर्मा ने बताया कि मप्र आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के निर्देशानुसार एवं तहसील द्वारा निर्णय लिया गया की मप्र शासन द्वारा जो घटिया किस्म सिली-



सिलाई वर्दी, गरम कोट, टार्च, जुता आदि सामग्री दी जा रही है। जिसमें हम कोटवार नही लेना चाहते है। पूर्व से कोटवारों के बैंक खाते में उक्त सामग्री का भुगतान आता था। वर्ष 2025 में मप्र शासन द्वारा वर्दी जो तहसील कार्यालय में आई है वह कोटवारों की नपती से नही बनी हुई है। जिससे वर्दी की फिटिंग एवं साइज कोटवारों में कोटवारों को काफी परेशानी आ रही है। शासन द्वारा भेजी गई वर्दी सादा कुर्ता जैसी लग रही है। कोटवारों की मांग है कि हमारे बैंक खाते में राशि डाली जाए, जिससे हम हमारे साईज की वर्दी पहनकर अन्य सामग्री भी ले सके। ज्ञापन के दौरान जिला उपाध्यक्ष विजय खेडा, जिला कोषाध्यक्ष नागुलाल पचलानिया, तहसील अध्यक्ष शंकरलाल धोलपुरिया, तह. अध्यक्ष गणेश योगी सतवास, तह. अध्यक्ष माखन सिंह टोंकखुर्द, राजेश, देवकरण, मनोज देवडा, खेमराज नागर, रमेश, हबीब, अतुल यादव, शाहरूख, आशीष, संतोष सहित बड़ी संख्या में खातेगांव तहसील के कोटवार उपस्थित थे।

# कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक के द्वारा विश्व कल्याण के लिए पौधा रोपण

**(ब्यूरो राजेश शिवहरे)**
**अनूपपुर।** अमरकंटक धर्मनगरी अमरकंटक में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री कल्याण सेवा आश्रम परिसर में पंचवटी पौधों का रोपण स्वामी हिमाद्री मुनी महाराज जी प्रबंध निवासी श्री कल्याण सेवा आश्रम वह अन्य संतगण स्वामी हर स्वरूप जी महाराज स्वामी जगदीश आनंद जी महाराज स्वामी धर्मानंद जी महाराज स्वामी नारायण गिरी स्वामी सुंदरानंद जी की महाराज के उपस्थिति में विश्व कल्याण एवं पर्यावरण को संतुलन बनाने के लिए पंचवटी पौधे का रोपण किया गया है, जिसमें पांच प्रकार के पौधे होते हैं उन पांचों प्रकार के पौधों को मिलाकर पंचवटी कहा जाता है। पिछले वर्ष पूर्व में भी हजारो वृक्ष माँ नर्मदा के नाम पर कल्याण सेवा आश्रम के द्वारा नर्मदा नदी के उत्तर तट में लगाया था, जिसको पूरी सुरक्षा के साथ पौधों को विकसित किया जा रहा है। इस वर्ष बारिश के मौसम में पुनः पुनः हजार पर पौधे लगाने का लक्ष्य है, जिससे अमरकंटक नगर का सौंदरीकरण भी होगा एवं वातावरण भी शुद्ध और



पवित्र होगा और ज्यादा से ज्यादा वृक्ष बढ़ेंगे तो जनकल्याण भी होगा। श्री कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध निवासी स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज जी ने बताया कि परम तपस्वी बाबा कल्याण दास जी के आशीर्वाद से वह उनकी प्रेरणा से कल्याण सेवा आश्रम ट्रस्ट अमरकंटक अमरकंटक के सौंदरीकरण के लिए हर संभव प्रयास करता रहेगा और वर्तमान समय में विशाल पौधा रोपण भी किया गया है एवं नगर के जनकल्याण को देखते हुए पूर्ण रूप से व्यवस्थित मुक्ति धाम का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। सब बाबा जी की कृपा है। हम हमारा आश्रम अमरकंटक के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है, तैयार है जो भी संभव मदद होगी करते रहेंगे।

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया

**(ब्यूरो राजेश शिवहरे)**
**अनूपपुर।** 01 अप्रैल 2025/ कलेक्टर हर्षल पंचोली ने ग्रीष्मकाल में बच्चों को गर्मी से बचाव हेतु तथा स्वास्थ्य एवं सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार 30 जून 2025 तक के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक नियत किया है। जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने का समय प्रातः 8 बजे से, बच्चों के नास्ता का समय प्रातः 9 बजे से प्रातः 9:30 बजे तक,शाला पूर्व शिक्षा गतिविधि एवं स्वच्छता का समय प्रातः 9:30



बजे से प्रातः 11 बजे तक, बाहरी खेल गतिविधियों के आयोजन का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक, बच्चों के भोजन (थर्ड मील) एवं उनके गंतव्य अभिभावक तक पहुंचाने का समय दोपहर 12 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा गृह भेंट एवं अभिलेखों के संधारण के साथ पूर्ववत् अन्य गतिविधियों का समय दोपहर 1 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।

# जिले के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**अनूपपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में जिले के 806 प्राथमिक विद्यालयों एवं 252 माध्यमिक विद्यालयों में नए शिक्षण सत्र के अंतर्गत स्कूल चले अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रथम बार विद्यालय पहुंचने पर छात्रों का फूल एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया।
कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को पुस्तक का वितरण किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं



का तिलक लगाकर स्वागत एवं अभिवादन किया तथा पुस्तकों का वितरण किया। इस दौरान अधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि हर विद्यार्थी जीवन के उद्देश्य निर्धारित कर नियमों का पालन करते हुए सही आचरण करे। समाज में न्यायवान, ज्ञानवान और आदर्श नागरिक के रूप में अपनी पहचान बनाएँ। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि क्षमता और बुद्धि के मामले में कोई पीछे नहीं होता, सिर्फ प्रयास करने की आवश्यकता होती है।
दुनिया का ऐसा कोई कार्य नहीं है जो असंभव हो। मनुष्य सिर्फ हाड़ मांस का पुतला नहीं, बल्कि ईश्वर का अंश है। मनुष्य में विद्यमान क्षमताएँ असीमित हैं। दृढ़ संकल्प से इनका उपयोग किया जाना चाहिए। परिश्रम से अध्ययन कर बेहतर भविष्य के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को तत्पर रहना चाहिए।

# आवारा कुत्तों के हमले से घायल नर चीतल की जैतहरी में मौत





**अनूपपुर।** मंगलवार के दोपहर वन डिपो जैतहरी के समीप विचरण कर रहे तीन चीतलो पर आवारा कुत्तों द्वारा दौड़ा का हमला किया जिसमें एक नर चीतल के गंभीर रूप से घायल होने पर मौत हो गई घटना पर वन विभाग द्वारा कार्यवाही की गई। घटना के संबंध में बताया गया कि मंगलवार की दोपहर वन डिपो जैतहरी के समीप तीन चीतल जिसमें नर,मादा एवं बच्चा विचरण कर रहा था इसी दौरान कई आवारा कुत्तों द्वारा पीछा कर दौड़ाया गया जिससे नर चीतल पर कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसकी कुछ देर बाद मौत हो गई,वही मादा बच्चे को ले कर जंगल की ओर चली गई,घटना की स्थानिक अशोक सोनी द्वारा वनविभाग सूचना दिए जाने पर परि,सहायक जैतहरी पूरन सिंह,वनरक्षक सत्येंद्र मिश्रा सुरक्षाश्रमिकों के साथ स्थल पर पहुंचकर मृत चीतल को अपनी अभिरक्षा में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दिए जाने पर पशु चिकित्सा डॉ,सचिन समौया,नायक तहसीलदार जैतहरी संजय जाट,प्रशिक्षु आईएफएस अशोक साहू,वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल,वनरक्षक रामनिवास एवं सुरक्षाश्रमिकों की उपस्थिति में मृत चीतल का पंचनामा,पी,एम,की कार्यवाही के साथ कफन से सम्मान करते हुए दाह संस्कार किया गया।

# अमरकंटक के विद्यालयों में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ

**अनूपपुर।** अमरकंटक मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित विभिन्न



विद्यालयों में आज नवीन शिक्षा सत्र 25-26 शैक्षणिक सत्र के लिए छात्र-छात्राओं का प्रवेश उत्सव गरिमामय वातावरण एवं उल्लास पूर्ण ढंग से मनाया गया इसके पूर्व सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुना दादर अमरकंटक में विधिवत धार्मिक विधि विधान के साथ पूजन अर्चन तथा हवन किया गया तत्पश्चात् नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को प्रसाद खिलाकर विद्यालय में प्रवेश दिल गया । विद्यालय में कक्षा 5 से उत्तीर्ण 38 छात्र-छात्राओं को कक्षा छठवीं में प्रवेशित किया गया आज के प्रवेश उत्सव में 30 छात्रा छात्राएं उपस्थिति रही इसमें गौरव बघेल दशमी अंकुश चौधरी दसवीं तथा पृथ्वीराज प्रवेश उत्सव में उपस्थित रहे । सरस्वती शिशु विद्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य बीके शर्मा आचार्य रोहित लाल त्रिपाठी लखन द्विवेदी शिवप्रसाद त्रिपाठी भारत लाल चंद्रवंशी आदि सभी ने उपस्थित रहकर छात्र छात्रों को प्रवेश दिलाया। बराती एवं हिंडालको शासकीय माध्यमिक विद्यालय में रश्मि शर्मा एवं शिक्षक सत्य कुमार पाठक बाबा ने नव प्रवेशित नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर हाथ मिलाकर गले लगा कर तथा चुंबन लेकर छात्राओं को प्रवेश उत्सव मनाया इससे छात्र-छात्राएं काफी खुश एवं प्रसन्न रहे पूरे समय नव प्रवेशित नन्हे मुन्ने बच्चे काफी खुश एवं प्रसन्न रहे उन्हें घर जैसा माहौल मिला। इसी तरह स्थानीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक में भी विद्यालय की प्राचार्या अनुजा मिश्रा ने अपने सहयोगी शिक्षकों के साथ नव प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का तिलक टीका लगाकर विद्यालय में स्वागत बंदन अभिनंदन कर नये शिक्षा सत्र मे प्रवेश दिलाया इस दौरान सभी छात्र-छात्राएं काफी प्रसन्न चित् दिखे। प्रवेश उत्सव के दौरान छात्रा छात्राओं को नये शिक्षा सत्र का पुस्तक वितरित किया गया। प्रवेश उत्सव शाला में पहला कदम के रूप में मनाया गया। पवित्र नगरी अमरकंटक नगर के मध्य स्थित बालक एवं बालिका विद्यालय में भी प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर काफी खुशनुमा माहौल रहा। प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम लगातार चार दिनों तक निरंतर चलता रहेगा। शासकीय प्राथमिक विद्यालय बांधा एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय जमुना दादर में भी प्रवेश उत्सव आयोजित हुआ।

# हैडमास्टरों की नेतृत्व क्षमता बढ़ाने डाइट में होगा प्रशिक्षण

**– 7 अप्रैल से 31 मई के मध्य पांच दिवसीय ट्रेनिंग में भाग लेना अनिवार्य**

ग्वालियर। राज्य शैक्षणिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान भोपाल द्वारा बीते माह नवंबर में राज्य स्तरीय ट्रेनिंग हो चुकी है। जिसमें जिला स्तरीय ट्रेनिंग के लिये मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित किये गये थे। अब यही मास्टर ट्रेनर 7 अप्रैल से 31 मई के मध्य डाइट में हैड मास्टरों को नेतृत्व क्षमता का विकास करने का गुण सिखाया जायेगा। ग्वालियर जिले में सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विघालयों के प्रधान अध्यापक इस ट्रेनिंग में भाग लेंगे। यहां बता दें कि जिले में कुल 1159 हैडमास्टर हैं जिसमे लगभग 882 प्राथमिक व 277 माध्यमिक विघालय के हैडमास्टर है। जिनका भोपाल से ट्रेनिंग हेतु नाम शामिल है। प्रशिक्षण के लिये सीमेंट ने प्रशिक्षण सामग्री भी उपलब्ध करा दी है। वहीं मास्टर ट्रेनर तैयार है। मास्टर ट्रेनर 7 अप्रैल से 31 मई के मध्य पांच दिवसीय ट्रेनिंग शुरू होगी। इसके लिये कई बैच तैयार किये जायेंगे। डाइट प्राचार्य सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक बैच में 200 से 250 प्रधान अध्यापक बुलाये जायेंगे। पांच चरणों में यह प्रशिक्षण चलेगा। लगभग 10 मास्टर ट्रेनर ट्रेनिंग देने का कार्य करेंगे।

# अतिक्रमण कर रखी अवैध गुमटी को हटाया

**ग्वालियर।** नगर निगम के मदाखलत अमले ने मंगलवार को अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की । मदाखलत अधिकारी केशव सिंह चौहान ने बताया कि शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत मंगलवार को वार्ड क्रमांक 27 हनुमान मंदिर के पीछे बैंक ऑफबड़ौदा के पास मथुरा प्रसाद का बंगला बारादरी हुरावली मुरार में



अवैध पंचर की गुमटी को हटाया जाकर शिकायत का निराकरण कराया गया।

# जल के बिना जीवन का कोई अस्तित्व नहीं: हरिओम गौतम



**ग्वालियर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवांकुर संस्था रमन शिक्षा समिति द्वारा विकासखंड मुरार के बेरजा सेक्टर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष हरिओम गौतम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जल के बिना जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है, इसलिए जल का संरक्षण अति आवश्यक है। हम सभी को मिलकर बंद पड़े कुओं, बाबड़ियों को रिचार्ज करना होगा एवं नदी संरक्षण हेतु नदियों के गहरीकरण का कार्य हम सभी को सामूहिक सहभागिता से करना होगा। संस्था अध्यक्ष हरिओम गौतम ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत आज यह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अंत में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर रामदास माहौर, श्रीमती रेखा माहौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# जौरा विकासखंड में प्रवेश उत्सव विधायक उपाध्याय की मौजूदगी में मनाया गया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** प्रदेश शासन के आदेश अनुसार विकासखंड जौरा के विभिन्न विद्यालयों में स्कूल चले अभियान के अंतर्गत प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें जनप्रतिनिधि विधायक पंकज उपाध्याय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य तथा भोपाल राज्य शिक्षा केंद्र से ओआईसी श्रीमती सुमन डंगस, विकासखंड के बीआरसी राजीव जादौन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। श्रीमती सुमन डंगस द्वारा विकासखंड जौरा के पीएमश्री स्कूल शासकीय माध्यमिक विद्यालय कुम्हेरी, शासकीय माध्यमिक प्राथमिक विद्यालय उमराव का पुरा



विद्यालय विसंगपुरा, शासकीय शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 3 जौरा में बच्चों को रोली चंदन का टीका लगाकर तथा मालाएं पहनाकर प्रवेश दिलाया गया। माध्यान्ह भोजन में विशेष भोज का प्रत्येक स्कूल में आयोजन किया गया। बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बीआरसी कार्यालय जौरा के लक्ष्मी नारायण शिवहरे, विमलेश यादव, प्रमोद शर्मा, देवेन्द्र दंडोतिया, राजेश शर्मा, विकास शाक्य उपस्थित रहे। बीआरसीसी जौरा राजीव सिंह जादौन ने शिक्षकों से कहा कि ग्राम शहर के सभी बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाएं। कोई भी बच्चा अप्रवेशी नहीं रहे। सभी शासकीय सुविधाएं सुनिश्चित की

# मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना द्वारा 31 मार्च 2025 को मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन एसएएफ ग्राउण्ड मुरैना में किया गया। मेगा विधिक साक्षरता शिविर में श्रीमती संगीता मदान, प्रधान जिला न्यायाधीश मुरैना के साथ ही न्यायाधीश श्री माधवप्रसाद नामदेव, श्री कमलेश साहू, श्री अंजय सिंह उपस्थित रहे।



मेगा विधिक साक्षरता शिविर में जिला मुख्यालय मुरैना एवं ग्रामीण क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में हितग्राही उपस्थित हुए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लक्ष्य ''न्याय आपके द्वार'' के अन्तर्गत मेगा विधिक साक्षरता शिविर में निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की गई एवं राष्ट्रीय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाए संबंधी जानकारी जैसे लोक अदालत, मध्यस्थता, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, वरिष्ठ नागरिको के अधिकार के संबंध में योजना, बच्चो के मैत्रीपूर्ण व्यवहार के संबंध में योजना, मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्तियो के लिए विधिक सहायता योजना के संबंध में उपस्थित व्यक्तियों को श्री हितेन्द्र द्विवेदी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुरैना, श्री चंद्रशेखर जायसवाल, जिला न्यायाधीश, मुरैना, श्री बृजेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी मुरैना एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल मुरैना, पैरालीगल वालेंटियर एवं पैनल लॉयर द्वारा जानकारी प्रदान की गई। शिविर में बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे और योजनाओं का लाभ उठाया।

# परिचय सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मुरैना मप्र में विशाल अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन 05/06/ अप्रैल को गोपाल पैलेस माधौपुरा की पुलिया पराग मिल के पास में किया जा रहा है, इसके लिए एक आवश्यक बैठक जीवाजी गंज कार्यलय में रखी गई थी। परिचय सम्मेलन हेतु जिम्मेदारियां दी गईं। बाहर से आये हुए मेहमानों को स्टेशन से होटल में लाने-ले जाने की जिम्मेदारी दिनेश बंसल को, परिचय पत्रिका विमोचन बिनोद मंगल को, प्रचार प्रसार एडवोकेट पदम चंद जैन को, अतिथियों के सम्मान हेतु नरेश अग्रवाल को, स्वागत सत्कार अजय अग्रवाल को, भोजन व्यवस्था अशोक



अग्रवाल खोआ वाले को, संबंध तय कराने के लिए अशोक गुप्ता एहरोली, मुरारी लाल सिंघल को, किट वितरण आर.के. अग्रवाल को, पत्रिका वितरण अशोक अग्रवाल को, मंच व्यवस्था धीरज गर्ग को दीं गईं। अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने कहा कि परिचय सम्मेलन की तैयारियां लगभग पूर्ण हो गई हैं। कुछ और जिम्मेदारियां हैं उन्हें भी बांट दिया जायेगा। परिचय सम्मेलन में हजारों विवाह योग्य युवक-युवतियाँ भाग लेंगे। मंच से सभी का परिचय कराया जायेगा। परिचय के बाद सैकड़ों संबंध तय हो सकते हैं। अग्रवाल समाज के जिन्होंने पंजीयन नहीं कराये हैं वह भी परिचय करा सकते हैं। उनका नाम बाद में पत्रिका में जुड़ जायेगा। राष्ट्रीय सम्मान हेतु भारत के हर राज्यों के अलावा नेपाल के अग्रवाल समाज के भाई-बहन आ रहे हैं। सभी के रुकने, खाने की समुचित व्यवस्था की गई है।

# जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम के लिये जिला सीईओ नोडल और सहायक नोडल अतिरिक्त जिला सीईओ होंगे

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश के साथ-साथ मुरैना जिले में भी 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भू-जल संवर्धन, पूर्व से निर्मित जल संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार/मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने एवं मानसून में किये जाने वाले पौध रोपण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये उक्त कार्य किये जाने हैं। संपूर्ण कार्यक्रम के लिये कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव को नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल के रूप में अतिरिक्त जिला सीईओ आर.के. गोस्वामी को नियुक्त किया है।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम मध्य प्रदेश भारत के तत्वाधान में संपूर्ण भारतवर्ष में आज यूनिफाइड पेंशन का विरोध यूपीएस तथा एनपीएस को बंद किया जाए। उसके स्थान पर पुरानी पेंशन बहाल की जाए तथा मध्य प्रदेश में शिक्षा विभाग के अंतर्गत नवीन शैक्षणिक संवर्ग के कर्मचारी को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देते हुए समस्त लाभ दिए जाएं एवं मध्य प्रदेश में शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों की भर्तियों में पांच प्रतिशत का कोटा निर्धारित अन्य राज्यों की तरह किया जाए। जबकि अन्य राज्यों में पांच प्रतिशत का प्रावधान है। मध्य प्रदेश में विगत 20 वर्ष से बाहरी लोगों के लिए खुली भर्ती का प्रावधान



कर दिया गया है, जिससे मध्य प्रदेश के लोग बेरोजगारी के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। बाहरी लोगों ने उनका हक पूरा छीन लिया। उपरोक्त मांगों को लेकर आज मुरैना जिले में समस्त स्कूलों में शैक्षणिक संस्थानों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रकट किया गया तथा नवीन पेंशन योजना एनपीएस यूपीएस का खुला विरोध किया है और पुरानी पेंशन कर्मचारियों के हित में उसको बहाल करने की मांग मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन तथा प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन देकर की गई है। मुरैना जिले में उक्त मांग का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में मुन्नालाल शर्मा, नरेंद्र सिंह तोमर, योगेंद्र शर्मा, अवधेश दंडोतिया, महेंद्र जालौन, अजय सिंह सिकरवार, प्रशांत पाराशर, श्रीमती आशा पाराशर, श्रीमती दमयंती कश्यप, प्रवेश परमार, ओमप्रकाश तिवारी, लाखन सिंह जाटव, आलोक तोमर, उदय सिंह, दीपक तिवारी आदि लोग शामिल हुए।

# अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में 72 आवेदनकर्ताओं को सुना



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार प्रत्येक मंगलवार को पूर्वान्ह 11 से दोपहर 01 बजे तक जिला, खंड, नगरीय निकाय, पंचायत स्तर पर हर कार्यालय में जनसुनवाई करने के निर्देश हैं।

जिला मुख्यालय पर कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देशन में अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद ने मंगलवार को 72 आवेदनकर्ताओं को जनसुनवाई के दौरान सुना। जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर आरबी नाडिया, एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## चम्बल भवन में जनसुनवाई में 10 आवेदनकर्ताओं को सुना गया

**मुरैना।** चम्बल भवन मुरैना में ग्वालियर-चम्बल संभाग के कमिश्नर मनोज खत्री के निर्देशन में पंचायती राज के उप संचालक अशोक निम ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 10 आवेदकों की समस्याओं को सुना। श्री निम ने सात आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनकर निराकरण करने का आश्वासन दिया।

# सिटी मोंटेसरी स्कूल में कक्षा 8 के बच्चों का हुआ सम्मान

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** नैनागढ़ रोड पर स्थित सिटी मोंटसरी स्कूल के कक्षा 8 के 56 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें सभी छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरान्वित किया। छात्रा सलोनी सिकरवार ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र आयुष बंसल ने 92.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा छात्र आयुष दीक्षित ने 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 15 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने सभी छात्रों को शाला में बुलाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर संचालक इंजी. मोहन बंसल ने सभी छात्रों को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी एवं संस्था सचिव एड. अशोक सिंह ने सभी शिक्षकों को उनकी मेहनत और निष्ठा के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर शिक्षक अरविंद भदौरिया, सुरेश शर्मा, राजकुमार माहौर, सुमन अग्रवाल, ऋषिकांत शर्मा तथा अन्य स्टाफ ने भी सभी सफल छात्रों को बधाई दी।





# 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** नगर में बिजली कंपनी द्वारा नवीन विद्युत लाइन खींचने का कार्य आवश्यक रूप से कराया जाना है। जिसके चलते 03 अप्रैल से 05 अप्रैल तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक यंत्री पी.एस. यादव, कनिष्ठ यंत्री मुकेश मिश्रा से मिली जानकारी के अनुसार नगर के सिटी एवं फाटक फीडर पर गर्मी के सीजन को देखते हुए विद्युत उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति मिल सके, इसके लिए नवीन विद्युत लाइन लगाने का कार्य किया जाना है। जिसके चलते 03 अप्रैल से 05 अप्रैल तक दोनों फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रात 8:30 बजे से 1:30 बजे तक बंद रहा करेगी। समय आवश्यकता अनुसार बढ़ाया एवं घटाया भी जा सकता है।



# मेगा हैल्थ कैंप में भोपाल से आए चिकित्सकों को किया सम्मानित

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** रोटरी मेगा हेल्थ कैंप में भोपाल से आए डॉ. रोहित कुमार तिवारी, डॉ. अंजलि बसोड़, डॉ. आनंद सैनी को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला खनिज अधिकारी एसके निर्मल, रोटरी के पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# रोटरी कैम्प के आखिरी दिन प्रातः 10 बजे तक होंगे पंजीयन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** जिला मुख्यालय मुरैना पर स्व. श्रीमती मोहनप्यारी देवी माहेश्वरी जी की स्मृति में 02 अप्रैल तक वृहद कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा बताया गया है कि कैम्प के आखिरी दिन यानी 02 अप्रैल को पुलिस परेड ग्राउंड में रोटरी हेल्थ शिविर के तहत पंजीयन प्रातः 10 बजे तक ही किए जायेंगे, उसके बाद पंजीयन का कार्य समाप्त कर दिया जाएगा। अतः अभी भी कोई व्यक्ति कैम्प का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो वह 02 अप्रैल को प्रातः 10 बजे तक पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं और ख्याति प्राप्त चिकित्सकों से परामर्श व इलाज ले सकते हैं।


# कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/2025 **//नामांतरण विज्ञप्ति (उज्जदारी)//** मुरैना, दिनांकः- 01.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के तहत भूमि/भवन स्वामियों द्वारा सम्पत्ति कर पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन विधिवत शुल्क जमा कर इस कार्यालय में निम्नानुसार प्रस्तुत किये गये हैं:-

| क्र. | भूमि/भवन एवं वार्ड क्रमांक | भूमि/भवन क्रेता/ अन्तरणगृहीता स्वामी का नाम | भूमि/भवन विक्रेता/ अन्तरणकर्ता | नामांतरण /अन्तरण का आधार एवं क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 181,181/01, 182/25 नया वार्ड 23 स्टेशन रोड मुरैना | श्री अखिलेश सिंघल पुत्र श्यामलाल सिंघल निवासी- स्टेशन रोड मुरैना | श्रीमती राजकुमारी गुप्ता पत्नी दिनेशचन्द्र गुप्ता, सतीशचन्द्र गुप्ता पुत्र दिनेशचन्द्र गुप्ता, श्रीमती कल्पना गुप्ता पत्नी सतीशचन्द्र गुप्ता | विक्रय पत्र |
| 2 | 282/22, नया वार्ड 14 अंशभाग, सब्जी मंडी जयश्री श्याम अपार्टमेंट मुरैना | श्रीमती पुष्पा अग्रवाल पत्नी प्रदीप अग्रवाल निवासी- सब्जी मंडी जयश्री श्याम अपार्टमेंट मुरैना | श्री राजेश गोयल पुत्र श्री रामभरोषी लाल गोयल, श्रीमती शीतल गोयल पत्नी श्री राजेश गोयल, श्री दिनेश गर्ग पुत्र श्री सोनेराम गर्ग | विक्रय पत्र |
| 3 | नया वार्ड 23 कैलाश नारायण का बाड़ा मुरैना | श्रीमती सबरी देवी पत्नी गोविंद प्रसाद बंसल निवासी- कैलाश नारायण का बाड़ा मुरैना | श्री कैलाश नारायण माथुर पुत्र स्व. रामप्रसाद माथुर | विक्रय पत्र |
| 4 | नया वार्ड 23 कैलाश नारायण का बाड़ा मुरैना | श्रीमती पुष्पा देवी बंसल पत्नी श्री सूरजभान बंसल निवासी- कैलाश नारायण का बाड़ा मुरैना | श्री कैलाश नारायण माथुर पुत्र स्व. रामप्रसाद माथुर | विक्रय पत्र |

अतः उपरोक्त भूमि/भवन पर नामांतरण किए जाने में किसी भी खास/परिवारीजन/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के अंदर 15 दिवस इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा नामांतरण प्रकरण में कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। सूचित हों।

**राजस्व प्रभारी**
**नगर पालिक निगम, मुरैना**


# सफलता की कहानी: कृत्रिम पैर लगने से अमृतलाल को मिला नया जीवन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मेगा हैल्थ कैंप में ग्राम बंधा के अमृतलाल को मिले कृत्रिम पैर से उनके जीवन में नई रोशनी आई है। वर्ष 2015 में दुर्घटना में अपना एक पैर गंवाने वाले अमृतलाल को पता चला कि जिला मुख्यालय मुरैना पर स्वास्थ्य शिविर में सामाजिक न्याय विभाग मुरैना द्वारा जयपुर फुट संस्था के सहयोग से कृत्रिम पैर लगाया जाएगा। उनके द्वारा उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा से सम्पर्क किया जाकर मदद मांगी गई।





इस पर श्रीमती शर्मा द्वारा उन्हें 26 मार्च से 02 अप्रैल तक मुरैना में आयोजित मेगा हैल्थ कैंप में आने हेतु प्रेरित किया गया। हैल्थ कैंप में अमृतलाल को कृत्रिम पैर लगाया गया, जिससे आज वे दोबारा अपने पैरों पर खड़े होकर चलने के काबिल हो गए हैं। अमृतलाल ने कलेक्टर अंकित अस्थाना एवं उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा को धन्यवाद दिया है।

*मोनिका माहोर*

# रोटरी कैम्प में मंगलवार को 12130 लोगों के हुये पंजीयन

**मुरैना।** रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 के तहत 01 अप्रैल, मंगलवार को पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में 12 हजार 130लोगों ने पंजीयन कराये। पंजीयन के दौरान प्रांतो से आये डॉक्टरों ने मरीजों के परीक्षण किये एवं समुचित इलाज दिया। रोटरी के पदाधिकारी डॉ. संजीव बांदिल ने बताया कि 644 जनरल ओपीडी, 6513 मेडीसन, 855 ऑर्थोपैडिक्स, 05 पीडियाट्रिक, 428 ईएनटी, 186 गायनकलॉजी, 120 सरजरी, 1476 ऑपथामॉलोजी, 535 डेंटल, 107 यूरोलॉजी, 12 सायकिएट्री, 09 ऑनकोलॉजी, 546 डरमैटलॉजी, 500 पुलमोनरी, 2 कार्डियोलॉजी,1 ऐंडोक्रोनोलॉजी, 3 पेन मेडीसन, 3 एक्यूप्रेशर और एनसीडी क्लीनिक के 185 लोगों ने पंजीयन कराये।

# भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गाय हेतु पुरस्कार योजना के आवेदन 04 अप्रैल तक

**मुरैना।** भारतीय नस्ल के गो वंशीय पशुओं के पालन को बढ़ावा देने एवं अधिक दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिय भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायो के लिये पुरस्कार योजना संचालित की गई है। योजना सभी वर्ग के पशुपालकों के लिये हैं। इसके लिये आवेदन 04 अप्रैल तक आमंत्रित है। उप संचालक पशुपालन डॉ. स्वामी ने बताया कि जिनके पास भारतीय नस्ल की उन्नत गाय उपलब्ध हो तथा गाय का दुग्ध उत्पादन प्रतिदिन 06 लीटर या उससे अधिक हो। गौवश की टैगिग युनिक आईडी एंव उसकी समस्त जानकारी भारत पशुधन एप पर दर्ज होना अनिवार्य होगा। वह पशुपालक अपने आवेदन को निकटस्थ पशु चिकित्सा संस्था मे प्रस्तुत करेंगे। आवेदन प्रस्तुत करने की अन्तिम 04 अप्रैल, 2025 तक रहेगी। योजना विकासखण्ड स्तर पर चयन 05, 06 एवं 07 अप्रैल को चयन ग्राम स्तर पर तीन समय का दुग्ध उत्पादन के आधार पर किया जायेगा। जिला स्तर पर प्रतियोगिता में गायों का चयन विकासखण्ड स्तर की प्रतियोगिता में सम्मलित हुई गायों के दुग्ध उत्पादन के आधार से ही किया जायेगा।उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय पुरस्कार के लिये प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार, तृतीय पुरस्कार 11 हजार और राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार 02 लाख, द्वितीय पुरस्कार 01 लाख एवं तृतीय पुरस्कार 50 हजार रहेगा।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मुरैना (म0प्र0)

कमांक/क्यू/3/मा.रा./खनिज/2025/459 मुरैना,दिनांक-25/03/2025

(म.प्र.गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अर्न्तगत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति जो लागू हो प्राप्त करने के लिए)

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक-श्री राममिलन सिंह गुर्जर पुत्र श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर नि0-ए-322 आनंद नगर बहोडापुर ग्वालियर द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदनपत्र दिनांक- 17.03.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक-29/04/2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आंमत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल **http://ekhanij.mp.gov.in** प्रस्तुत किये जावेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/ शासकीय | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुरैना | मुरैना हाल तह0 बामौर | बिसेंठा | 1228 | 3.000 हे0 | शास. भूमि | गिट्टी उत्खनिपट्टा | |

1- उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों सें विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारिख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाइन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2- यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदको के आवेदन पत्र प्राप्त होते है। तो प्रथम आवेदन पत्र एवं अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।

3- यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है। तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी । विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे । उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

4- निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

G11015/25

जिला खनि अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला मुरैना (म0प्र0)



निविदा फार्म का मूल्य-1500/-

खंड-।

ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन
कार्यालय सामान्य वनमण्डल मुरैना मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या DFO-T/MRA/01/ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक 27.03.2025

वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल मुरैना द्वारा म.प्र. भण्डार कय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

सत्यांकार निधि (धरोहर राशि)-60000/-

**वर्ष 2025-26 में वाहन अवरोधक आर.सी.सी. ब्लोक, टेट्रापॉड कय हेतु निविदा**

| कमांक | सामग्री का विवरण | सत्यांकार राशि | निविदा दस्तावेज शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1. | वहन अवरोधक आर0सी0सी0 टेट्रापॉड, आयताकार ब्लॉक (विनिर्देश निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न चित्र अनुसार) | रूपये 60000.00/-. (साठ हजार रूपये मात्र) | रूपये 1500.00/- (एक हजार पांच सौ रूपये मात्र) |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार केडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 04.04.2025 बजे 11:00 AM से दिनांक 28.04.2025 बजे 11:00 AM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रकिया तिथियां लागू होंगी।
- निविदा पूर्व बैठक दिनांक 03.04.2025 समय 11:00 AM को वनमण्डल मुरैना कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगे जिन्होंने ई-टेंडर फॉम खरीदे है।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा समाचार पत्रों में नही।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in/

G11003/25

(सुजीत जे. पाटिल )
भा.व.से.
वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल मुरैना

# मंत्रीपरिषद की बैठक में 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' को मंजूरी

**शासकीय सेवकों को देय विभिन्न भत्तों के पुनरीक्षण का निर्णय**

**छतरपुर में माता बम्बरबैनी प्राचीन मंदिर स्थल पवित्र क्षेत्र घोषित**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश में नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साधारण और ग्रामीण मार्गों में संगठित, सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्री परिवहन बस सेवायें उपलब्ध कराने के लिए ÷मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा÷ प्रारम्भ करने की स्वीकृति दी गई। प्रदेश में ग्रामीण एवं साधारण मार्गों का ट्रैफिक एवं मार्ग सर्व तथा बसों की फ्रीक्वेन्सी निर्धारित करते हुये एक व्यवस्थित प्लानिंग अनुसार यात्री बसों को चलाया जायेगा। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य में सुगम सुरक्षित एवं विनियमित यात्री परिवहन सुविधा, निजी क्षेत्र के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

यात्री परिवहन सेवा की प्रारम्भ करने के लिए 101 करोड 20 लाख रुपये की अशंपूजी के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई। इसके लिए राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के गठन की स्वीकृति भी दी गई है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 20 शहरों में सार्वजनिक परिवहन हेतु कंपनी एक्ट के तहत स्क्क्ह्य गठित हैं, जिसमें से 16 कार्यरत हैं। उक्त समस्त कंपनियों को 7 संभागीय कंपनियों के रूप में मर्ज किया जावेगा। उक्त सात कंपनियों के एकीकृत नियंत्रण के लिए राज्य स्तर पर कंपनीज एक्ट 2013 के तहत एक होल्डिंग कंपनी का गठन जायेगा। साथ ही त्रि-स्तरीय संरचना के तहत दायित्व निर्वहन और सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों में राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के 51 प्रतिशत शेयर बहुसंख्यक आधार पर निवेश करने एवं सात सहायक कंपनियों के बोर्ड और उसके आर्टीकल ऑफ एसोसिएशन में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति, रीवा एवं ग्वालियर के लिए वर्तमान प्रचलित कंपनी को बंद करते हुए नवीन क्षेत्रीय कंपनी गठित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इन क्षेत्रीय सहायक कंपनियों का गठन, संबंधित संभागीय मुख्यालयों में स्थित सिटी बस ट्रांसपोर्ट की वर्तमान कंपनी में संशोधन कर, निर्मित करने की स्वीकृति दी गई। जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति के गठन की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

म.प्र. मोटरयान नियम 1994 के नियमों में आवश्यक संशोधन एवं वांछित प्रावधान करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। इसके लिए प्रशासकीय विभाग द्वारा पृथक से विधि अनुसार कार्यवाही की जायेगी। सात सहायक कंपनियों की सुसंगत पूर्ववर्ती सिटी ट्रान्सपोर्ट कंपनियों द्वारा परिवहन संबंधी दायित्व के निर्वहन के लिए, जो चल-अचल संपति उपयोग में आ रही है, वे यथावत इन कपंनियों के आधिपत्य में रहेंगी। इसी प्रकार नगर-निगम, प्राधिकरण आदि द्वारा स्वयं की निधि से तैयार किये गये बस टर्मिनल, बस स्टैण्ड, बस स्टॉप आदि, होल्डिंग कंपनी के सामंजस्य से उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं यात्री सुविधा के लिए विकसित किए जाऐंगे।

# हमारी मूल पहचान और सम्मान को बढ़ाने का संकल्प दिवस है राज्य स्थापना दिवसः महामहिम

**अपनी विरासत को विश्व के कोने-कोने तक पहुँचाने का संकल्प लें**

**राजभवन में हुआ बिहार, राजस्थान और ओडिशा के स्थापना दिवस का संयुक्त समारोह**



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि राज्यों का स्थापना दिवस पर हमारे देश की मूल पहचान और सम्मान को बढ़ाने का संकल्प दिवस है। इसे अपनी विरासत को विश्व के कोने-कोने तक पहुँचाने के संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे सभी राज्यों ने हमेशा अपनी धरोहर, संस्कृति और परंपराओं के सम्मान के द्वारा राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाया है। इस गौरवपूर्ण धरोहर को सहेजने और उसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य करना हम सभी का परम दायित्व है। उन्होंने कहा कि राज्यों के स्थापना दिवस देश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के उत्सव है। भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता की धरोहरों के संरक्षण, संकल्प 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का शानदार प्रदर्शन है। राज्य का स्थापना दिवस को मनाना प्रगति और विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने का प्रसंग है।

राज्यपाल पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित बिहार, राजस्थान और ओडिशा के स्थापना दिवसों के संयुक्त समारोह में राज्यों के मूल निवासी मध्यप्रदेश में निवासरत नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के. सी. गुप्ता, पोस्ट मास्टर जनरल इंदौर परिक्षेंत्र सुप्रीति अग्रवाल, निदेशक डाक सेवाएं भरत कुमार डालमिया और राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव मंचासीन थे।

राज्यपाल ने सिकल सेल पर डाक विभाग के विशेष आवरण का किया अनावरण

इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सिकल सेल एनीमिया रोग जन जागृति पर डाक विभाग द्वारा जारी विशेष आवरण एवं विरूपण मोहर का अनावरण किया। पोस्ट मास्टर जनरल इंदौर परिक्षेंत्र सुप्रीति अग्रवाल ने बताया कि डाक टिकट देश विदेश में जन जागृति के प्रभावी माध्यम होते हैं। डाक विभाग द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सिकल सेल एनीमिया रोग पर डाक टिकट जारी किया गया था। इसी क्रम में जारी विशेष आवरण के अनावरण के लिए राज्यपाल के प्रति आभार ज्ञापित किया। राज्यपाल पटेल को देवी अहिल्या पर डाक विभाग द्वारा जारी टिकट की पेंटिंग भेंट की। राज्यपाल ने विशेष आवरण के रूपांकन में सहयोगी एम्स भोपाल के चिकित्सक डॉ. रजनीश जोशी और डॉ. अनन्य सम्पत का सम्मान किया गया।

बिहार भारतीय सभ्यता और संस्कृति का उत्पत्ति स्थल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बिहार, ओडिशा और राजस्थान राज्यों की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य हमारी अनेकता में एकता के गुलदस्ते का वह मोती है, जो भारतीय सभ्यता और संस्कृति के उत्पत्ति स्थल के रूप में जाना जाता है। यहाँ की भूमि ने हमेशा ज्ञान, शिक्षा और धर्म के क्षेंत्र में योगदान दिया है। पाटलिपुत्र, वर्तमान पटना ही वह स्थान है, जहाँ से भारत के सम्राटों और महान विचारकों ने इतिहास रचा था। बिहार के लोगों ने चाहें वह कृषि क्षेंत्र हो, उद्योग हो या फिर सेवा क्षेंत्र, हर जगह अपनी कड़ी मेहनत से पहचान बनाई है।

# गोदामों के निरीक्षण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध करें सख्त कार्यवाही

**शासकीय गोदामों के रिक्त क्षमता का व्यवसायिक उपयोग सुनिश्चित करें**

**खाद्य मंत्री राजपूत ने वेयरहॉउसिंग कॉर्पोरेशन की संचालक मंडल की बैठक में दिये निर्देश**



**भोपाल।** गोदामों का नियमानुसार निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन कराया जाये। इस कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। उपार्जित खाद्यान्न के भंडारण के साथ ही शासकीय गोदामों में उपलब्ध रिक्त क्षमता के उपयोग के लिये अन्य वैकल्पिक व्यवसाय प्राप्त करने के प्रयास करें। शासकीय गोदामों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने यह निर्देश मध्यप्रदेश वेयरहॉउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन की संचालक मंडल की बैठक में दिये।

भंडारण शुल्क दरें पुनरीक्षित नहीं करने वाले अधिकारियों को दे नोटिस

मंत्री राजपूत ने कहा कि निगम की वर्ष 2016 के बाद प्रतिवर्ष की जाने वाली भंडारण शुल्क दरें पुनरीक्षित नहीं की गई हैं। इस कार्य में देरी करने वाले तत्कालीन शाखा प्रभारी रहे महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी करें। उन्होंने नियमानुसार 1 अप्रैल 2025 से नवीन दरें लागू करने की स्वीकृति भी दी।

**नवीन बीमा पॉलिसी में अधिकतम नुकसानों का कवर जरूरी**

मंत्री राजपूत ने कहा कि निगम द्वारा प्रस्तावित नवीन बीमा पॉलिसी में पुरानी पॉलिसी में लागू प्रावधानों के साथ ही अन्य नुकसानों का अधिकतम कवरेज करने का भी प्रावधान करें। साथ ही नवीन पॉलिसी तत्काल लागू करने की कार्यवाही करें।

**गोदामों में भंडारण की समय-सीमा निर्धारित करें**

मंत्री राजपूत ने कहा कि गोदामों में उपार्जित अनाज के भंडारण की समय-सीमा निर्धारित की जाये। मैकेनाईज्ड सीड सेग्रीगेशन मशीन का उपयोग सुनिश्चित करें। मशीनों की गुणवत्ता का भी परीक्षण कराया जाये। राजपूत ने कहा कि निगम अंतर्गत निर्माण शाखा सहित अन्य शाखाओं में रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति की कार्यवाही जल्दी करें। वर्ष 2020-21 में निगम अंतर्गत धान के रखरखाव के लिये अधिकृत की गई कंपनी द्वारा बरती गई लापरवाही के कारण निगम को हुई आर्थिक क्षति की प्रतिपूर्ति कंपनी से सुनिश्चित की जाये। इसके लिये प्रचलित आर्बीटेशन प्रकरण में शासन का पक्ष मजबूती से रखें। स्थानांतरण नीति बनाने में विलंब नहीं करें। नियमानुसार दिव्यांग जनों की भर्ती प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी करें। उन्होंने कहा कि केप पर भंडारण अति आवश्यक होने पर ही किया जाये। गोदामों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी के लिये निर्धारित मापदंड के साइन बोर्ड लगवायें। गोदामों की मरम्मत साफ-सफाई एवं रंग-रोगन प्रभावी ढंग से किया जाये। इन सुविधाओं के लिये वर्ष 2025-26 के बजट में राशि प्रावधानित करें।

बैठक में आयुक्त, खाद्य कर्मवीर शर्मा ने गोदामों के निरीक्षण के लिये ऐप बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे निरीक्षण की लाइव जानकारी प्राप्त हो सकेगी। प्रबंध संचालक वेयरहॉउसिंग कॉर्पोरेशन अनुराग वर्मा ने कॉर्पोरेशन की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में संचालक मंडल के अन्य सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

# स्कूल चलें हम अभियान के तहत मंत्री सुश्री भूरिया ने बच्चों को तिलक और पुष्प-माला पहनाकर शाला प्रवेश करवाया



**भोपाल।** महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय देवझिरी पंडा में स्कूल चलें हम अभियान के तहत बच्चों को तिलक लगाकर और पुष्प-माला पहनाकर शाला प्रवेश करवाया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और हमें उन्हें बेहतर शिक्षा देकर एक सशक्त नागरिक बनाने की जिम्मेदारी उठानी होगी।

सुश्री भूरिया ने कहा कि स्कूल चलें हम अभियान से न केवल बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव भी मजबूत हुई है। उन्होंने विद्यालय की दीवारों पर बच्चों के जनरल नॉलेज को बढ़ाने वाले चित्र एवं भारत का नक्शा अंकित करने के निर्देश दिये। मंत्री सुश्री भूरिया ने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया और व्यवस्थाओं की सराहना की।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीणा ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नियमित अध्ययन और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय में टॉपर्स की सूची नोटिस-बोर्ड में लगायी जाये, जिससे विद्यार्थी प्रेरित हो सकें।

इस अवसर पर कक्षा-1 से 8 तक के विद्यार्थियों को एनसीईआरटी की पाठ्य-पुस्तकें, स्कूल बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गयी।

# प्रदेशाध्यक्ष ने कहा-सकारात्मक सोच के साथ काम करने वाले पत्रकार ही समाज का भला कर सकते हैं

## सरकार पत्रकारों के हित में काम कर रही हैः विवेक शेजवलकर

## पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण सरकार प्राथमिकता से करेः डॉ. सतीश सिंह

## प्रदेश का सबसे बड़ा पत्रकारों का संगठन है श्रमजीवी पत्रकार संघः देवेन्द्र प्रताप सिंह

**- ग्वालियर संभाग के जिला इकाई का सम्मेलन हुआ**
**- तीन सौ से अधिक पत्रकारों का सम्मान हुआ**

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया ने कहा है कि सकारात्मक सोच के साथ काम करने वाले पत्रकार ही समाज का भला कर सकते हैं। पत्रकारों से एकजुट रहने का आव्हान करते हुये श्री भदौरिया ने कहा कि प्रतिस्पर्धा हो मगर स्वस्थ हो और पत्रकार हितों की बात जब आये तो आप सब एक साथ खड़े नजर आये। श्री भदौरिया मंगलवार को माधव मंगलम गार्डन में आयोजित संघ के ग्वालियर संभाग एवं जिला सम्मेलन में बोल रहे थे।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश की डा. मोहन यादव सरकार पत्रकारों की भलाई के लिये काम कर रही है और अनेक समस्याओं का समाधान कराया है। मेरे पास जब भी कोई समस्या पत्रकारों की आई, मैंने महापौर एवं सांसद रहते उनका निराकरण कराया। मैं मानता हूं कि श्रमजीवी पत्रकार संघ पत्रकारों की असली लड़ाई लड़ता है। प्रदेशभर में इस संगठन को काम करते देख रहा हूं। उन्होंने सफल आयोजन के लिये संघ को बधाई दी। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि पत्रकार आज अनेक चुनौतियों से जूझ रहे हैं, सरकार को पत्रकार सुरक्षा कानून समेत अन्य मांगों को सकारात्मक रूख अपनाते हुये पूरा करना चाहिये। उन्होंने सफल आयोजन के लिये बधाई भी दी। भाजपा के युवा नेता देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर (रामू भैया) ने कहा कि मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश का सबसे बड़ा पत्रकारों का संगठन है। संगठन पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ने वाला बड़ा संगठन है। कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार दुबे एवं महासचिव सत्यनारायण वैष्णव, रामकिशोर अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक सुरेश शर्मा ने किया और स्वागत भाषण श्रीमती कविता मांढरे संभागीय अध्यक्ष ने दिया। जिला अध्यक्ष शहनवाज खान ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार विनय अग्रवाल, संजय त्रिपाठी, राजीव अग्रवाल, सुनील पाठक, हरीश दुबे, श्याम पाठक, अजय मिश्रा, अनिल शर्मा, श्याम श्रीवास्तव, लोकेन्द्र भार्गव, विवेक श्रीवास्तव, अरविंद माथुर, रमन नीखरा, विनोद गुप्ता, यश सिकरवार, रमन शर्मा, रमन नीखरा, अनिल पुनियानी, राहुल कुमार सिंह, जितेन्द्र पाठक, अंकित सिंघल, रामशरण शर्मा अध्यक्ष मुरैना, मनोज गोस्वामी दतिया, मेहताब सिंह तोमर शिवपुरी, रामबाबू कटारे, राकेश शर्मा भिंड के अलावा गुना, अशोक नगर, श्योपुर, छतरपुर, सागर, पन्ना, उज्जैन, भोपाल, आगर मालवा, राजगढ़, विदिशा, उमरिया समेत कई जिलों से बड़ी संख्या में पत्रकार पहुंचे और प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

***राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने शलभ भदौरिया को दी बधाई***

कांग्रेस के कददावर नेता एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने भेजे अपने संदेश में कहा कि पत्रकार समाज के पथ प्रदर्शक हैं। मैं प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया को जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई देता हूं।

***सभापति तोमर ने दी बधाई***

नगर निगम के सभापति मनोज तोमर ने प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया को दुपटटा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

***धूमधाम से मना शलभजी का जन्मदिन***

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया और आतिशबाजी चलाकर ढोल नगाड़ों के साथ अतिथियों की मौजूदगी में केक काटा गया। सभी अतिथियों ने श्री भदौरिया को बधाई दी। कार्यक्रम संयोजक सुरेश शर्मा ने साफा पहनाकर, तलवार भेंट कर एवं भगवान श्रीराम दरबार का स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्चागत किया।

# नर्मदा परिक्रमा पथ और अन्य विषयों पर मंत्री पटेल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

रेडी-टू-स्टे आश्रय का निर्माण होगा, चातुर्मास करने वालों के लिए विशेष प्रबंध करने के दिए निर्देश

अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर से होगा नर्मदा परिक्रमा पथ का चिन्हांकन



**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में नर्मदा परिक्रमा पथ के साथ ही अन्य विषयों पर विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंत्री पटेल ने अधिकारियों से नर्मदा परिक्रमा को ध्यान में रखकर रेडी टू स्टे आश्रय के निर्माण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि करीब डेढ़ एकड़ में आश्रय का निर्माण किया जा सकता है, जिसमें पेड़ पौधे लगाने के साथ ही रुकने-ठहरने की अच्छी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा सकती है। मंत्री पटेल ने चातुर्मास करने वालों के लिए विशेष प्रबंध करने को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मदद के लिए स्वयं पहल करने वाले लोगों या समितियों को इसमें शामिल किया जा सकता है।

अत्याधुनिक तकनीक से नर्मदा परिक्रमा पथ का चिन्हांकन

नर्मदा परिक्रमा पथ के चिन्हांकन के लिए इस बार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अत्याधुनिक तकनीक का सहारा ले रहा है। इसके लिए एक सॉफ्टवेयर का निर्माण किया गया है, जिसपर ल्ढ्रस् की अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया गया है। मंत्री पटेल ने इस सॉफ्टवेयर की तारीफ़ करते हुए कहा कि इसकी मदद से नर्मदा परिक्रमा आसान होगी और इसका प्रयोग ग्रे वॉटर मैनेजमेंट के साथ साथ विभाग की अन्य गतिविधियों में भी बहुत काम आयेगा।

चिन्हांकन के लिए विशेष सॉफ्टवेयर

नर्मदा परिक्रमा पथ के चिन्हांकन के लिए %सॉफ्टवेयर फॉर आइडेंटिफिकेशन एंड प्लानिंग ऑफ रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर% बनाया गया है। इस सॉफ्टवेयर के जरिए नर्मदा पथ को चिन्हित करने का काम किया जाएगा। इस सॉफ्टवेयर में भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) की सभी आधुनिक तकनीकें शामिल की गई हैं। नर्मदा परिक्रमा पथ को लेकर विशेष प्रावधान रेडी टू स्टे आश्रय की व्यवस्था होगी। 7 लेयर की छत होगी, जिससे आश्रय स्थल को मजबूती मिलेगी। बल्ली, बांस, मिट्टी, रूस् फ्रेम गैप के लिए, रूस् फ्रेम, प्रोफाइल शीट, मिट्टी के खप्पड़ जैसी पांच लेयर से निर्मित की जाएगी छत मिट्टी और गोबर की छपाई और लेपन का उपयोग होगा।

स्थानीय वस्तुओं से निर्माण होगा, स्थानीय लोग ही इसका काम भी पूर्ण करेंगे

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री पटेल ने अधिकारियों को खेत तालाब पर फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले खेत तालाबों का निर्माण पूरा किया जाए, जिससे वॉटर रिचार्ज सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, संस्कृति और पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# वन क्षेत्र भोजपुर से 2 टाइगर्स को रेस्क्यू कर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया

**ग्रामवासियों की माँग पर टाइगर्स को किया गया रेस्क्यू**

**भोपाल।** मुख्य वन संरक्षक भोपाल वृत्त के मार्गदर्शन एवं वन मण्डल अधिकारी ओबेदुल्लागंज के नेतृत्व में परिक्षेत्र चिकलोद के स्टॉफ द्वारा सोमवार को ग्रामवासियों की माँग पर टाइगर्स को पकड़ने के लिये पिंजरे लगाये गये। वन विहार भोपाल एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम, पशु चिकित्सकों एवं स्थानीय प्रशासन और पुलिस के सहयोग से दोनों टाइगर्स का सफल रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के उपरांत दोनों टाइगर्स का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित ढंग से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया।

भोजपुर से लगे हुए वन क्षेत्र बीट भोजपुर में भोजपुर-ईमलिया मार्ग पर दो टाइगर्स का लगातार विचरण विगत एक माह से बना हुआ था। इन टाइगर्स द्वारा 5 मवेशियों का शिकार किया गया था। टाइगर के विचरण के कारण ग्रामीण असुरक्षित महसूस कर रहे थे। टाइगर्स का खेतों में विचरण होने से ग्रामीण फसलें नहीं काट पा रहे थे। खेतों एवं वन क्षेत्र के मध्य से जो रास्ता निकलता है, वह ग्रामीणों का मुख्य मार्ग है, जिससे ग्रामीणों का भोजपुर, मण्डीदीप और बंगरसिया आना-जाना लगा रहता है। कुछ ग्रामीण मण्डीदीप फैक्ट्रियों में नौकरी करने भी जाते हैं। वन विभाग से ग्रामवासी लगातार टाइगर्स के रेस्क्यू की माँग कर रहे थे। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर भी टाइगर के मूवमेंट के संबंध में लिखा था। ग्रामीणों की माँग को दृष्टिगत रखते हुए वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने दोनों टाइगर्स को रेस्क्यू करने का निर्णय लिया।

# एमएसएमई में निवेश और टर्न ओवर की सीमा ढ़ाई गुना हुई

**सूक्ष्म में ढ़ाई, लघु में 25 और मध्यम उद्यम में 125 करोड़ की निवेश सीमा**

## अब बेहतर वित्तीय पहुंच और दक्षता में होगी बढ़ोत्तरी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप अब सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इकाइयों का निवेश और टर्न ओवर (कारोबार) का दायरा बढ़ाकर ढ़ाई गुना कर दिया गया है। राज्य शासन ने एक अप्रैल 2025 से नए नियम प्रभावी कर दिए हैं। एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा है कि इस नए बदलाव से मध्यप्रदेश में नवीन उद्योग धंधों का विकास होगा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम की दक्षता में वृद्धि, तकनीकी उन्नयन और बेहतर वित्तीय पहुंच हो सकेगी।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना अनुसार 1 अप्रैल 2025 से सूक्ष्म उद्यम के निवेश की सीमा एक करोड़ से बढ़ा कर 2 करोड़ 50 लाख और कारोबार की सीमा बढ़ाकर 10 करोड़ रूपये की गई है। पूर्व में निवेश की सीमा एक करोड़ तथा टर्न ओवर (कारोबार) की सीमा 5 करोड़ रूपये थी। इसी तरह लघु उद्यम श्रेणी में निवेश की सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 25 करोड़ और करोबार की सीमा को 50 करोड़ से बढ़ाकर 100 करोड़ कर दिया गया है। मध्यम उद्यमों में निवेश की सीमा अब 125 करोड़ होगी तथा टर्न ओवर 500 करोड़ का होगा। पहले यह सीमा निवेश के लिये 50 और कारोबार के लिये 250 करोड़ नियत थी।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने भी 21 मार्च 2025 को तत्संबंध में अधिसूचना जारी की है।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. गुरुकृपा प्रकाशन प्रेस ,टी.आई.टी कॉम्पलेक्स मुरैना से मुद्रित एवं हिन्दुस्तान एक्सप्रेस परिसर नवीन नगर निगम मुख्यालय के सामने सिटी सेंटर ग्वालियर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। R.N.I. No. MP HIN/2007/ 18763
सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, स्थानीय संपादक संजय त्रिपाठी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर न्यायालय होगा। फोनः 0751-2234001 मो. 94251-26060, 9425360435